हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025



# महज दो हजार मतदाताओं का फार्म जमा होना बाकी, डुप्लीकेट वोटर्स का कटेगा नाम


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एसआईआर के तहत जमा कराए जा रहे गणना प्रपत्र में जिले ने बड़ी सफलता हासिल कर ली है। अंतिम तिथि के दो दिन पहले ही जिले में 99.99 फीसदी मतदाताओं के फार्म ऑनलाइन दर्ज कर लिए गए हैं। अब जिले में महज दो हजार मतदाता ही शेष रह गए है। वहीं अब तक जमा हुए फार्म में डुप्लीकेट वोटर्स के नाम काटने की कार्रवाई भी की जाएगी। बताया गया कि जिन मतदाताओं का एक से अधिक बूथ में नाम दर्ज था, उनसे एक ही बूथ में एसआईआर फार्म जमा करने कहा गया था। ज्ञात हो कि जिले के सभी 840 बूथ में एक-एक बीएलओं के अलावा पटवारियों, मितानिनों व समूह की महिलाओं के रूप में अब लगभग ढाई सौ अतिरिक्त मानव संसाधन को इसमें सहायता के लिए लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि निवार्चन आयोग के निर्देश के बाद जिले में भी बीते 4 नवंबर से एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की गई है। बीएलओ स्तर के अधिकारी हर मतदाता तक पहुंचकर उनसे गणना प्रपत्र भराने में जुटे हुए थे। जिले में सवा सात लाख मतदाताओं के नाम दर्ज थे। इनमें 99 फीसदी से अधिक के गणना प्रपत्र भरकर उनकी ऑनलाइन एंट्री भी की जा चुकीं है। जबकि तिथि में संशोधन के बाद अब 11 दिसंबर तक की अवधि गणना प्रपत्र भरने की तय की गई है। हालांकि वोटर्स को ढूंढने में भी कई प्रकार की दिक्कतें सामने आ रही थी। बताया गया कि शहर के कई वार्ड ऐसे हैं, जहां पर 2003 की सूची में मतदाताओं के नाम नहीं है। जबकि ऐसे मतदाता वर्षों से एक ही स्थान पर निवासरत है।

## एसआईआर की प्रक्रिया के तहत गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक

### एक मतदाता का दो फॉर्म!

एसआईआर फॉर्म भरने के दौरान मतदाता सूची को लेकर कई गड़बड़ियां भी सामने आ रही है। कुछ मतदाता ऐसे भी हैं, जिनका दो-तीन वार्ड में नाम जुड़ा हुआ है और दोनों-तीनों जगह पर उनका एसआईआर फार्म जारी हो गया है। हालांकि कई मतदाताओं को पता भी नहीं है कि उनका नाम एक से अधिक वार्डों में है। मतदाता अब एसआईआर के लिए एक वार्ड से ही अपना नाम भर रहे हैं।



### 2003 में थे 488554 मतदाता, अब सात लाख

मिली जानकारी के अनुसार दो दशक पहले 2003 में एसआईआर की प्रक्रिया की गई थी। उस दौरान राजनांदगांव जिले में कुल 488554 मतदाता थे। वहीं अब मौजूदा स्थिति में जिले में लगभग 7.10 लाख मतदाता हो गए हैं। इनमें राजनांदगांव विस में 217958, डोंगरगढ़ विस में 214976, डोंगरगांव विस में 207376 और खुज्जी विस में 195910 वोटर्स शामिल हैं।

### 16 को आएगी प्रारंभिक सूची

निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाते आगामी 11 दिसंबर तक कर दिया गया है। नए कार्यक्रम के मुताबिक 16 दिसंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावा-आपत्ति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सुनवाई और सत्यापन की प्रक्रिया सात फरवरी तक पूरी की जाएगी। इसके बाद आगामी 14 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

## डीजी के सामने किया समर्पण, सीएम ने कहा: मिली बड़ी सफलता

# 12 नक्सलियों के समर्पण के साथ एमएमसी जोन माओवाद मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले ढाई दशक से एमएमसी जोन में नक्सल की कमान संभालने वाले फ्रंट लाईन के माओवादियों ने सोमवार को प्रदेश के डीजीपी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें एक करोड़ का ईनामी रामधेर सहित कुल 12 नक्सली शामिल थे। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों सहित समाज के लोगों ने उनका गुलाब फूल देकर एवं संविधान की पुस्तक देकर उनका स्वागत किया। आत्मसमर्पण कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि बस्तर में हिड़मा के एनकाउंटर से जो प्रभाव नक्सल पर पड़ा था, वही काम आज रामधेर के समर्पण के बाद एमएमसी जोन का हुआ है। ज्ञात हो कि प्रदेशभर सहित राजनांदगांव रेंज के पुलिस द्वारा नक्सल विरोधी अभियान तेजी के साथ चलाया जा रहा है। समय-समय पर सुरक्षा बलों द्वारा नक्सल प्रभावित ग्रामों में सिविक एक्शन, सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। साथ ही शासन की नवीन आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025 से दिए जाने वाले सुविधाएं व लाभ की जानकारी भी प्रसारित की जा रही है। जिले में पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है। गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 12 नक्सलियों के समर्पण के साथ एमएमसी जोन माओवाद मुक्त हो गया है।





### वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष समर्पण

जिसके तहत राजनांदगांव रेंज में नक्सल उन्मूलन की दिशा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। समाज के प्रमुख व्यक्तियों, पुलिस महानिरीक्षक अरूण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल आपरेशन विवेकानंद, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शाडिल्य, उपमहानिरीक्षक नक्सल आपरेशन आईटीबीपी अनवर ईलाही पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के समक्ष एमसीसी जोन अंतर्गत सक्रिय प्रतिबंधित संगठन सीपीआई माओवादी के सीसीएम सदस्य रामधेर उर्फ होरूपु उर्फ अमरजीत उर्फ देव मज्जी सहित

12 शस्त्रधारी माओवादी हथियार सहित आज पुनर्वास हेतु समाज के मुख्यधारा में शामिल हुए।

### अंतिम चरण में नक्सलवाद: सीएम



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राजनांदगांव रेंज में नक्सल उन्मूलन की दिशा में यह ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि दशकों से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद से ग्रसित रहा है और इस कारण नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास बाधित रहा है। नक्सलवाद के खिलाफ पहले भी लड़ाई लड़ी जा चुकी है। सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने वाले हैं। छत्तीसगढ़ में वीरता एवं साहस के साथ जवानों ने नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। डबल इंजन की सरकार होने का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रयासों से 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जवानों के साहस से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सफलताएं मिल रही है।

**मुख्यधारा में जुड़े 12 नक्सली:** सीपीआई माओवादी संगठन एमएमसी जोन के शीर्ष माओवादियों ने पुनर्वास हेतु अपने साथियों के साथ समाज की मुख्यधारा में जुड़े। जिसमें प्रमुख रूप से रामधेर उर्फ होरूपुर उर्फ अमरजीत उर्फ देव मज्जी 53 वर्ष सीसीएम एमएमसी जोन गढ़चिरौली महाराष्ट्र ईनामी 1 करोड़ 5 लाख, चंदू उर्फ नरेश उर्फ चैतराम उर्फ देवचंद 55 वर्ष डीवीसीएम टांडा मलाजखंड एरिया कमेटी सचिव, एलओएस कमांडर ईनाम 33 लाख रुपए, अतीता उर्फ ललीता उर्फ जैनी 35 वर्ष मड़ीन्दापल्ली तहसील बामरगढ़ गढ़चिरौली महाराष्ट्र डीवीसीएम टांडा मलाजखंड एरिया कमेटी ईनामी 33 लाख, प्रेम उर्फ उमराव 32 वर्ष ग्राम डबरी तहसील कोरची थाना बेडगांव गढ़चिरौली महाराष्ट्र डीवीसीएम टांडा मलाजखंड एरिया कमेटी ईनामी 33 लाख रुपए, जानकी उर्फ प्रेमा उर्फ लिमि 35 वर्ष मड़ीन्दापल्ली तहसील बामरगढ़, डीवीसीएम टांडा मलाजखंड एरिया कमेटी ईनामी 33 लाख, रामसिंग उर्फ संपत उर्फ संजय 55 वर्ष ग्राम राशिमेटा तहसील बैहर थाना रूपझर बालाघाट मप्र ईनामी 14 लाख, सुकेश उर्फ रंगा 28 वर्ष ग्राम पुसनार थाना गंगालूर बीजापुर छत्तीसगढ़ ईनामी 14 लाख, शीला उर्फ वैसंती उर्फ सेवंति 29 वर्ष ग्राम दोरनागुडा तहसील अटटापल्ली थाना कसनसूर गढ़चिरौली महाराष्ट्र ईनामी 6 लाख, लक्ष्मी उर्फ मनिता 21 वर्ष ग्राम पुस्कर तहसील भैरमगढ़ थाना गंगालूर ईनामी 6 लाख, योगिता उर्फ लक्ष्मी 22 वर्ष ग्राम बडे बटटू थाना वासेगुढा बीजापुर 6 लाख, सागर उर्फ रैनू 22 वर्ष ग्राम बोगदेव तहसील ओरछा थाना कुकराझोर नारायणपुर 6 लाख, कविता उर्फ मासे 21 वर्ष ग्राम कोंडेसवेल थाना जगरगुंडा सुकमा ईनामी 6 लाख रुपए ने आत्मसमर्पण किया। जिसमें नक्सलियों ने एकके-47 तीन, एसलआर एक, इंसास तीन, 303-रायफल दो, 30 कार्बन एक हथियार भी पुलिस को सौंपा।

## अवैध रूप से शराब बिक्री, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में सोमनी पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 21 पौवा शोले देशी प्लेन एवं 9 पौवा जम्मू स्पेशल अंग्रेजी शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार आरोपी टिंकू निषाद 36 वर्ष निवासी जोरातराई से 21 पौवा शोले देशी प्लेन, 9 पौवा जम्मू स्पेशल अंग्रेजी शराब कीमती 2760 रुपए एवं बिक्री रकम 700 रुपए जब्त कर कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्रवाई से अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

0 **राजनांदगांव**। इन दिनों बढ़ती ठंड के साथ ही शाम होते ही शहर व ग्रामीण इलाकों में सन्नाटा पसरने लगा है। लोग ठंड से राहत पाने के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग कर रहे हैं। वहीं अलाव जलाकर भी राहत पाने प्रयास कर रहे हैं।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

आवश्यकता है
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | |
|---|---|---|
| सेल्स मैनेजर | 1. चिचोला | 1 पद |
| सेल्समेन | 1. डोंगरगांव | 2 पद |
| | 2. छुरिया | 2 पद |
| | 3. अंबागढ़ चौकी | 4 पद |

इंटरव्यू दिनांक : 12.12.2025, स्थान : राजनांदगांव
संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, राजनांदगांव.
9977184777, 8120006476, 9827953976

जिला समिति तय करेगी नई दर

# रजिस्ट्री कराने वाले 349 लोग संशय में, बदलेगी जमीनों की सरकारी दरें!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले 20 नवंबर को प्रदेश शासन के निर्देश बाद जमीनों की बदली हुई सरकारी दरें लागू हो गई थी। इसके अलावा भी कई नियम बदले गए थे। जिसके बाद से भले ही जमीन कारोबार से जुड़े लोग आंदोलनरत थे, लेकिन इस दरमियान भी लोगों ने जमीन की खरीदी-बिक्री की। 20 नवंबर के बाद से शहर में ही लगभग साढ़े तीन सौ लोगों ने पंजीयन कराया था, परन्तु सोमवार को जारी हुए गाईड लाइन में दोबारा पुनरीक्षण के निर्देश के बाद यह लोग भी संशय में आ गए हैं।



उल्लेखनीय है कि 20 नवंबर 2025 से जमीनों की सरकारी दरों में इजाफा कर दिया गया है। जिसके चलते पंजीयन शुल्क में भी इजाफा देखने को मिला है। बढ़ी हुई सरकारी दरों के खिलाफ लगभग सभी जिलों में प्रदर्शन शुरू हो गए थे। आंदोलनरत जमीन कारोबारी जनप्रतिनिधियों से भी लगातार मिलकर बदलाव की मांग कर रहे थे। जिसके बाद सोमवार को कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक की तरफ से गाईड लाइन दरों एवं उपबंधों के पुनरीक्षण के निर्णय की जानकारी दी गई है।

### अभी नई दर में ही रजिस्ट्री

भले ही जमीन की सरकारी दरों को लेकर पुनरीक्षण के निर्देश जारी कर दिए गए हो, लेकिन नए आदेश के आने तक मौजूदा सरकारी दरों के अनुसार ही रजिस्ट्री होगी। यानि जो दर 20 नवंबर से लागू की गई है, उसके अनुसार ही लोगों को अपनी जमीन की रजिस्ट्री कराना होगा।

### जिला मूल्यांकन समिति तय करेगी दर

जारी नए निर्देश के अनुसार अब 31 दिसंबर तक जिला मूल्यांकन समिति को बैठक कर नए सिरे से जमीनों की सरकारी दर तय करनी होगी। बताया गया कि जिन इलाकों में बढ़ी हुई दर को लेकर अधिक विरोध हो रहा है, वहां पर दर कम करने को लेकर विचार किया जा सकता है। जिला मूल्यांकन समिति द्वारा नए सिरे से दर तय कर प्रपोजल प्रदेश स्तर पर भेजा जाएगा। वहां से अनुमोदन के बाद फिर नई दरें लागू होगी। एक अनुमान के मुताबिक जनवरी के पहले सप्ताह में नई दरें जारी हो सकती है।



## खबर संक्षेप

### बौद्ध समाज ने किया फल वितरण



**डोंगरगढ़।** बाबा साहेब के महा परिनिर्वाण दिवस पर बौद्ध समाज ने सामुदायिक अस्पताल पहुंचकर फलों का वितरण किया। बौद्ध समाज के उपासक-उपासिका एवं जनप्रतिनिधि पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना एव सुविधा के विस्तार पर बीएमओ सुचिता श्रीवास्तव से चर्चा की। इस अवसर पर भंते कुमार कश्यप, भंते सारिपुत्र, बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, डॉ सम्राट जैन, डॉ राजेश राउतकर, माया भास्कर, सिद्धार्थ नागदेवे, निर्भय चोखान्द्रे, अनिता इंदुरकर, दीपक साखरे, प्रजेश सहारे, रतनदीप नंदेश्वर, गुड्डा सरजारे, स्पंदन चौधरी, रेखा सहारे, किरण मेश्राम, प्रभा चंद्रिकापुरे, धीरज धमगाय, रिम्मी, रोमी टेंभुरकर सहित अन्य मौजूद थे।

### शपथ कार्यक्रम में शामिल हुए विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़।** सतनाम भवन राजनांदगांव में आयोजित जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण एवं शहर के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने शामिल होकर नवनियुक्त अध्यक्ष विपिन यादव एवं जितेन्द्र मुदलियार को बधाई दी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज थे। श्री बैज के पहुंचने पर श्री लोधी ने आत्मीय स्वागत किया।

### विपासना केन्द्र का किया अवलोकन



**डोंगरगढ़।** बौद्ध तीर्थ प्रज्ञागिरि में बने विपासना केन्द्र का निरीक्षण बौद्ध भिक्षुणी स मॉव छीन ने किया। उन्होंने ट्रस्ट समिति के पदाधिकारीयों की उपस्थिति में सर्वे किया। उपासना केन्द्र में बाहर से आने वाले उपासक उपासिको एवं बौध्द भिक्षुकों के विपासना केन्द्र में जरूरत के अनुरूप व्यवस्था जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ स व्हैय कोंग, छु कोंग स भी उपस्थित थे। उन्होंने यहां तथागत भगवान गौतम की प्रतिमा के समक्ष भारतीय पद्धति एवं चीनी भाषा में पुजा अर्चना एवं परित्राण पाठ किया। इस अवसर पर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष विनोद खांडेकर, धीरज मेश्राम, शैलेन्द्र डोंगरे, धन्ना गणवीर, संजय रामटेके, सुनील नागदौने, करूणा डोंगरे, प्रदीप टेंम्भूलकर, विशाल भिवगडे, चंद्रशेखर बोरकर, बादल वाल्दे, गौतम रामटेके, सावन टेंम्भूलकर, प्रमोद टेम्भूलकर, धम्मकीर्ति नंदेश्वर, नलिनी मेश्राम, ललिता साखरे, विजय उईके, अनुश्री खोब्रागडे, रमेश सोनवानी, अष्टशील महिला मंडल के सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

### 14 को एक दिवसीय परिचय सम्मेलन

**राजनांदगांव।** झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अं. चौकी का एक दिवसीय सामाजिक एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन, यादव सामुदायिक भवन का लोकार्पण, सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 14 दिसंबर को डोंगरगढ़ में आयोजित है। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, अति विशिष्ट अतिथि डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान व अध्यक्षता ज्योतिषराम यादव अध्यक्ष संयुक्त जिला राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर चौकी, विशिष्ट अतिथि सेवकराम यादव प्रदेश संगठन सचिव एवं जिला महामंत्री, मदन यादव सरपंच कनेरी, बिहारीलाल यादव संरक्षक, जीआर अहीर संरक्षक, भारत यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष यादव समाज, महेश्वरी रंजीत यादव सरपंच हरणसींघी शामिल होंगे। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव स्कूल शिक्षा ग्रामोद्योग विधि एवं विधायी कार्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अति विशिष्ट अतिथि मधुसूदन यादव महापौर, अध्यक्षता जगनीक यादव अध्यक्ष छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज, विशिष्ट अतिथि रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, हरीश मोटघरे पार्षद डोंगरगढ़, भगत सिंह यादव उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज धमतरी, राजू यादव अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ छग झेरिया यादव समाज, आशा संतोष यादव सदस्य बाल संरक्षण आयोग, देवकी परमेंद्र यादव जनपद सदस्य अंबागढ़ चौकी के अन्य लोग शामिल रहेंगे।

### छुरिया राजस्व विभाग की कार्रवाई, बोरतलाव जा रहा था धान

# महाराष्ट्र से दो ट्रक में आ रहा साढ़े 17 लाख का धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

समर्थन मूल्य पर बाहर का धान खपाने की तैयारी में जुटे कोचियों की मंशा पर पानी फेरते हुए राजस्व विभाग की टीम में कलेक्टर और अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब साढ़े 17 लाख का धान जप्त किया है। यह धान महाराष्ट्र से आ रहा था।

उल्लेखनीय है कि सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से होने वाली धान खरीदी में व्यापारियों और कोचियों द्वारा बाहर से लाकर धान खपाया जाता रहा है। शासन और किसानों को होने वाले नुकसान को देखते हुए कलेक्टर के मार्गदर्शन में राजस्व, कृषि और मंडी प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन अब तक कई कोचियों का धान जप्त कर चुका है। इसी क्रम में नायब तहसीलदार वसीम सिद्धिक के नेतृत्व में टीम ने वनोपज जांच नाका में धान से भरे दो ट्रक को रोककर जांच किया। ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीक्यू 1260 में 700 कट्टा और ट्रक नंबर सीजी 08 एएक्स 8619 में 715 कट्टा धान लदा था।




#### दस्तावेज नहीं

नायब तहसीलदार वसीम सिद्दीकी, पटवारी पुरुषोत्तम नेताम और धर्मेंद्र दुग्गा ने वाहन को रोक कर दस्तावेज प्रस्तुत करने मांगा। वाहन चालक ने बताया कि उनके पास धान से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं है। चालकों ने बोरतालाब निवासी राजा जैन का धान होना बताया। वाहन चालकों ने यह भी बताया कि राजा जैन ने महाराष्ट्र के चिल्हाटी से अलग अलग लोगों से धान खरीद कर लोड कराया था। । सूत्रो ने बताया कि बेरियर में पदस्थ कर्मियों के साथ पहले लेनदेन किया और फिर दो ट्रको की बिना जांच के एट्री कराई। इस मामले में एफआईआर की तैयारी है।

## परिवहन नहीं, सोसाइटियों में बनने लगे धान जाम के हालात

**डोंगरगढ़।** सिस्टम की खराबी ने जहां किसानों को परेशानी में डाल रखा है वहीं जिन किसानों का टोकन ऑनलाईन जारी हो चुका है वह भी धान बेचने को लेकर संकट में दिखाई दे रहे है। ऐसा हुआ तो आगामी कुछ दिनों में धान खरीदी बंद हो सकती है।

सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों का धान खरीदा जा रहा है। धान खरीदी के बीच किसान टोकन, रकबा सुधार एवं पंजीयन के लिए चक्कर काट रहे हैं। स्थानीय धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी की लिमिट कम होने के बाद भी पांच दिसंबर तक बफर लिमिट से तीन गुना धान की खरीदी हो चुकी है जबकि धान खरीदी की लिमिट करीब 1200-1300 क्विटल प्रति दिन है। इसी प्रकार धान खरीदी केंद्र मुसराकला में भी बफर लिमिट से दोगुना धान की खरीदी हो चुकी है। यहां प्रतिदिन 2000 से 21 सौ क्विंटल खरीदी लिमिट है। बफर लिमिट से अधिक खरीदी होने के कारण धान जाम के हालात बनते जा रहे हैं। अब तक धान के परिवहन के लिए डीओ, टीओ नहीं कटा है। परिवहन के अभाव में खरीदी केंद्रों में जगह की कमी आने लगी है। धान का परिवहन न होने से इन खरीदी केंद्रों में आने वाले सप्ताह में खरीदी करने में परेशानी आ सकती है। ऐसे में जिन किसानों का टोकन जारी हो गया है उन्हें भी मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है।

#### किसानों ने सौंपा ज्ञापन

बेलगांव सोसायटी क्षेत्र के किसानों ने जाम की आशंका जताते हुए धान का शीघ्र उठाव कराने एवं धान खरीदी की तिथि बढ़ाने का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। इस केन्द्र में अब तक धान का उठाव प्रारंभ नहीं हुआ है।

## सीमेंट फैक्ट्री का विरोध कर सौंपा गया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

क्षेत्र में प्रस्तावित श्री सीमेंट फैक्ट्री को लेकर पूरे क्षेत्र में जमकर विरोध देखा जा रहा है। सोमवार को ग्राम पंचायत बुन्देली के सरपंच दिवाकर सोनी एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार को आवेदन सौंप कर अगामी 11 दिसम्बर को होने वाले जन सुनवाई को रद्द करने तथा सीमेंट फैक्ट्री नहीं खुलने को लेकर ज्ञापन सौपा है। प्रतिनिधियों ने बताया कि क्षेत्र में श्री सीमेंट फैक्ट्री खुलने से क्षेत्र की कृषि उपजाऊ भूमि एवं पर्यावरण पर गहरा विपरीत प्रभाव पड़ने की आशंका है। पंचायत सहित क्षेत्र की कृषि भूमि काफी उपजाऊ है। कृषक तीन फसल लेकर बेहतर आमदनी कमा लेते हैं। फैक्ट्री खुलने से सैकड़ों किसान अपनी कृषि भूमि, उपजाऊ शक्ति एवं घर से बेघर हो जायेंगे। पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की एक सूत्रिय मांग है कि जनहित को ध्यान में रखकर क्षेत्र में सीमेंट फैक्ट्री नहीं खुलनी चाहिए।

#### अवेली मड़ई 11 को

**पटेवा।** ग्राम अवेली में आगामी 11 दिसम्बर को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला नाच पार्टी चम्पा बसंत ग्राम भकुर्रा का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच दुर्गा भरत सेन, कमलेश यादव, आनंद साहू ने देते हुए लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

## संघ की प्रांतीय बैठक में पदाधिकारियों का सम्मान

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक गत दिनों रायपुर स्थित प्रांतीय कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के 33 में से 30 जिला अध्यक्ष, संभागीय पदाधिकारी, प्रांतीय पदाधिकारी, तथा 56 विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में प्रांत स्तरीय चुनाव कराने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। राज्य सरकार के विरुद्ध एक दिवसीय प्रदर्शन तय किया गया ताकि कर्मचारियों की आवाज शासन तक पहुंचे। बैठक में संघ के 75 वर्ष पूर्ण होने पर एकता अभियान साथी सम्मान का शुभारंभ किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष बिंदेश्वर राम रौतिया को प्रथम बैज लगाकर सम्मानित किया गया। सभी संभागीय, जिला, तहसील पदाधिकारी तथा 56 विभागों के प्रतिनिधियों को बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुछ नियुक्तियां की गई। सुरेश ढीढी को संचालनालय कर्मचारी संघ का अध्यक्ष, रायपुर जिला के राकेश ठाकुर को युवा मोर्चा का रायपुर अध्यक्ष, लोकेश वर्मा को संयुक्त सचिव बनाया गया।

#### जिलाध्यक्ष ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ में जमीन की गाईड लाइन दरों में बदलाव का जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने स्वागत करते कहा कि जनता की समस्याओं के लिए प्रदेश सरकार ने त्वरित निर्णय लेते कुछ संशोधन किए हैं। जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी को साधुवाद दिया है। श्री राजपूत ने कहा कि सोमवार को पुनरीक्षण के संबंध में प्राप्त सुझावों, ज्ञापनों और प्रस्तावों पर व्यापक परीक्षण करने के बाद केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश के नगरीय विकास, रियल एस्टेट सेक्टर और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।

## मनरेगा की सारी जानकारी मोबाइल पर





- गांवों में क्यूआर कोड चस्पा
- 3 साल की मिलेगी पूरी जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के काम में पारदर्शिता लाने के लिए ब्लाक में डिजिटल पहल की गई है। विकासखंड की 76 ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को क्यूआर कोड प्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई। इस पहल से ग्रामीण अपने मोबाइल फोन से पंचायत भवन या सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर योजना की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। इससे पिछले तीन वर्षों के स्वीकृत कार्यों की सूची, व्यय राशि, प्रगतिरत कार्य, जॉब कार्डधारियों की संख्या और कुल सृजित मानव दिवस की जानकारी शामिल है। मांग एवं लेबर बजट के अनुसार आजीविका डबरी के कार्यों को प्राथमिकता से कराए जाने की जानकारी शामिल किया गया है। जल संरक्षण से सबंधित के कार्यों को स्वीकृत कराने की जानकारी दिया गया है। सभी पंचायतों के भवन सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर क्यूआर कोड चस्पा कर दिया गया है।

#### मनरेगा में पारदर्शिता की पहल

**छुरिया।** मनरेगा के कामों में पारदर्शिता लाने के लिए जनपद पंचायत छुरिया ने डिजिटल पहल की है। ब्लाक की सभी ग्राम पंचायतों में 7 दिसंबर को रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को क्यूआर कोड प्रणाली की जानकारी दी गई। इस पहल के तहत क्यूआर कोड स्कैन कर ग्रामीण जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। जनपद पंचायत की सभी पंचायतों में क्यूआर कोड चस्पा कर दिया गया है।

## सेतवा में सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम सेतवा की प्राथमिक शाला परिसर में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव एवं बाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव में 5 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ने सेतवा और दुल्लापुर में 3-3 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, सामुदायिक भवन और बेहतर शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। विशिष्ट अतिथि भाजपा महामंत्री लीलाराम साहू, मंडल महामंत्री राजेलाल पटेल, सरपंच बलराम पटेल, जनेराम पटेल थे।



**बच्चों के हुनर की सराहना**

विद्यालय परिसर में आयोजित बाल मेला में बच्चों ने भजिया, समोसा और गुपचुप के स्टाल लगाए थे। अतिथियों ने स्टालों में जाकर जमकर खरीदारी की। वहीं बच्चों ने पंथी, राउत नाचा और सुवा-ददरिया आदि लोक नृत्यों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों की तालियां बटोरीं। इस दौरान प्रधान पाठक तोकराम सिन्हा, संकुल समन्वयक योगेंद्र कश्यप, मनोहरलाल मोटवानी सहित अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## बैठक में पेंशन योजना पर गहन विचार

- सदस्यता शुल्क जमा करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



छग जनपद पंचायत कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक गत दिनों रायपुर में प्रांताध्यक्ष बीआर. साहू की अध्यछता में आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों के हित के कई विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में 33 जिला पंचायत एवं 146 जनपद पंचायत के संघ की गतिविधियों, सदस्यता शुल्क जमा करने, आय- व्यय के अनुमोदन एवं पेंशन नियम बनाने के संबंध में चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में कर्मचारियों ने अपने सुझाव रखे। तत्पश्चात प्रांतीय संघ ने वर्ष 2024- 25 एवं 2025-26 के आय- व्यय का सर्व सम्मति से अनुमोदन किया। कुछ पुराने एवं नवीन जिलों में रिक्त पदों पर जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। प्रति माह प्रति कर्मचारी 200 रुपए की दर से जनवरी से दिसंबर 2025 तक का सदस्यता शुल्क 2400 रुपए जमा कराने कहा। प्रांतीय बैठक में डीके महोबिया, मो मिर्जा एशितयाक बेग, डीआर गैंगबेर, विनोद सिंह ठाकुर, प्रतिमा द्विवेदी, डीआर साहू, संदीप सिंह, महेश शर्मा, गजेंद्र पटेल आदि शामिल हुए। अंत में संतोष सोनी ने आभार व्यक्त किया।

### शिविर में सैकड़ों मरीजों का निःशुल्क उपचार

# आयुर्वेद से हर रोग का उपचार संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

आयुष स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को ब्लॉक स्तरीय निः शुल्क रोग निदान आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सकों ने क्षेत्र के मरीजों की जांच कर परामर्श देने के साथ आयुर्वेदिक दवा मुहैया कराया। शिविर का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्षता जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने की।

इस मौके पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी, जिला भाजपा महामंत्री डीकेश साहू, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, गुलशन हिरवानी, राम कुमार गुप्ता, विवेक मंडावी, महामंत्री हेमंत चोपड़ा, अंजू त्रिपाठी, पदमिनी ठाकुर, राजा जैन, लक्ष्मी सेन, कोमल साहू, रामकिशन माहेश्वरी, रमेश सोनी, बालकृष्ण सिन्हा के अलावा जीवनदीप समिति के सदस्य आदि उपस्थित थे।



#### अपनाएं आयुर्वेद

इस मौके पर श्री राजपूत ने आयुर्वेद और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को देश की धरोहर और पहचान बताते हुए कहा कि आयुर्वेद हमारे दादी नानी के नुस्खे और रसोई में विद्यमान है। लोग भले ही आज एलोपैथी की ओर भाग रहे है किन्तु हर मर्ज का इलाज आयुर्वेद पद्धति में मौजूद है आवश्यकता उसे अपनाने एवं विश्वास करने की है। उन्होंने सभी से आयुर्वेद पद्धति को अपनाने का आव्हान किया। सभी ने स्टॉल का निरीक्षण करते हुए मरीजों का हाल चाल जाना। मितानिन दीदियों से चर्चा की।



#### भवन का भूमिपूजन

**छुरिया।** ग्राम कुहीकला में सिन्हा समाजिक भवन का भूमिपूजन जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने किया। इस दौरान जिपं सभापति बीरम मंडावी, मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, डोमेन पटेल, रामकुमार मंडावी, नैनसिंह पटेल मौजूद थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि सामुदायिक भवन एक सार्वजनिक सुविधा है जिसका उपयोग सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजन के लिए किया जाता है। इस अवसर पर टीकम साहू, सुनील मंडावी , स्वाति मंडावी, राजाराम साहू, दुल्लू साहू, चमारराय साहू, टीकम सिन्हा, सोना कौशिक सहित अन्य मौजूद थे। संचालन हरिराम सिन्हा ने किया।

## कॉलेज में मार्गदर्शन कक्ष का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शासकीय महाविद्यालय गंडई में एमए हिंदी एवं राजनीति शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा और राज्य पात्रता परीक्षा की तैयारी हेतु मार्गदर्शन कक्ष का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्राध्यापकों ने छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के गुर सिखाए।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल डिग्री प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है। उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए नेट-सेट जैसी पात्रता अर्जित करना अनिवार्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि महाविद्यालय का यह मार्गदर्शन कक्ष विद्यार्थियों में परीक्षा के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास का संचार



#### पाठ्यक्रम और रणनीति पर चर्चा

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने नेट-सेट परीक्षा की रूपरेखा, पाठ्यक्रम की संरचना और तैयारी के विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।प्राध्यापकों ने बताया कि नियमित अध्ययन, विषय की समझ और समसामयिक सामान्य ज्ञान ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में प्रो टीएल वर्मा, प्रो गावस्कर कौशिक, डॉ ओपी कौशिक, डॉ गौरव जैन, दीपांशु यादव, असीत साहू, हेमंत मिश्र, टी जायसवाल, दिलेश्वरी साहू, योगिता लहरे और पल्लवी गुप्ता सहित छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### प्रतिनिधि मंडल ने सीएम से की मुलाक़ात

**सड़क अतरिया।** खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के छुईखदान विकासखंड में संडी श्री सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर सीमेंट फैक्ट्री के संबंध में क्षेत्र के किसानों की भावनावों से अवगत कराया और जनसुनवाई क़ो रोकने का निवेदन किया। मुख्यमंत्री क़ो अवगत कराते हुए बताया कि सीमेंट फैक्ट्री की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उपचुनाव में चुनाव जितने की मंसा से किया था। आज किसान आक्रोषित है किसानों की बातों क़ो विस्तार से बताया और इसे निरस्त करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्ष पर्यटन मंडल नीलू शर्मा, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला अध्यक्ष भाजपा कोमल राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, सचिन बघेल, भारत वर्मा, रमेश पटेल, नेतराम जंघेल, प्रकाश जंघेल अवध जंघेल, चिरंजय जंघेल उपस्थित थे।

### 156 लोगों ने किया भीम के नाम रक्तदान



**राजनांदगांव।** भारतीय संविधान के शिल्पकार महामानव डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव द्वारा इस वर्ष भी एक दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर भीम के नाम रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बौद्ध धम्मगुरु पूज्य भदंत महेंद्र थेरो एवं पूज्य भदंत धम्मपाल की उपस्थिति में सुबह 9 बजे कलेक्टोरेट परिसर में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व चरणों में पुष्प अर्पित करते प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं सामूहिक त्रिसरण-पंचशील ग्रहण कर रक्तदान शिविर प्रभारी संदीप कोल्हाटकर द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया गया। तत्पश्चात डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन में धम्मगुरुओं एवं सामाजिक लोगों की उपस्थिति में भीम के नाम रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रक्तदान कार्यक्रम सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चला। रक्तदान हेतु 150 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। 210 लोग रक्तदान करने पहुंचे और 156 लोगों ने भीम के नाम रक्तदान किया। सभी रक्तवीरों को बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव और ब्लड बैंकों की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही रक्तवीरों को निःशुल्क हेलमेट प्रदान कर सम्मान किया गया।

### सीमेंट परियोजना को लेकर विधायक ने कहा वो किसानों के साथ

# किसान हित की अनदेखी किसी भी सूरत में नहीं करेंगे बर्दाश्त : यशोदा


हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छुईखदान ब्लाक के संडी में चूना पत्थर खदान को लेकर शासन प्रशासन के रवैए से नाराज विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि सरकार के इशारे पर प्रशासन मनमानी कर रहा है, लेकिन किसानों के हित को लेकर वो किसी भी स्थिति में समझौता नही करेंगी।

उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति को लाभ दिलाने पूरा शासन प्रशासन एक हो गया है। किसानों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर लाठी चार्ज यह प्रमाणित करता है कि जिले में प्रशासनिक आतंकवाद चरम पर पहुंच गया है। विधायक यशोदा वर्मा ने प्लांट परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि 404 हेक्टेयर भूमि में चूना पत्थर खनन को लेकर शासन ने प्रस्ताव दिया है। जहां चूना पत्थर उत्पादन क्षमता 3.64 मिलियन टन व प्रति वर्ष कुल अपशिष्ट 5.128 मिलियन टन प्रति वर्ष आरओएम रिजेक्ट 0.182 मिलियन टन प्रति वर्ष और ऊपरी मृदा 0.0409 मिलियन टन प्रति वर्ष के साथ कुल उत्खनन 8.991 मिलियन टन प्रति वर्ष और प्राथमिक क्रशर 1200 टन प्रति घंटा और सेकेंडरी क्रशर 400 टन प्रति घंटा वाब्लर के साथ सीमेंट प्लॉट स्थापना ग्राम संडी, पंडरिया, बुंदेली, विचारपुर और भरदागोंड में प्रस्तावित है। पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना 14 जून 2006 और बाद के संशोधन अनुसार यह परियोजना खनिजों के खनन के लिये बी श्रेणी, परियोजना या गतिविधि 1 ए 4 और खनिज शुद्धिकरण के लिए परियोजना या गतिविधि 2 बी 3 के अंतर्गत आता है।

## एक कंपनी को लाभ दिलाने की साजिश





### काम निकलने के बाद भूल जाएगी कंपनी वादा

विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि श्री सीमेंट कंपनी द्वारा खनन कि विधि खनन बेंचो प्रणाली को अपनाते हुए खुला खनन ओपन कास्ट विधि द्वारा किया जाएगा। कार्यरत बेंचो और अपशिष्ट समाग्री को संभालने और खनन से अपनाए जाने वाले मशिनीरियों से होने वाली धूल डस्ट से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम के लिए भी किसी प्रकार से कोई तैयारी नहीं बताया गया है। सीमेंट परियोजना से संडी, पंडरिया, बुंदेली विचारपुर भरदागोंड सहित परियोजना से ओटेबंद, जंगलपुर, रैमडवा, जगमड़वी, मैन्हर, जोम, नवांगांव, कुकुरमुड़ा, हनईबन, मरतकठेरा, कालेगोंदी, दनिया, बिरनपुर, छिराहीडीह व सड़क अतरिया परिक्षेत्र के लगभग 30 गॉव के अस्तित्व और सामान्य जन-जीवन का खतरा मंडरा रहा है।

### 404 की जरूरत दो साल में महज 33 हेक्टेयर की खरीदी

सिंचित कृषि भूमि पर उद्योग नीति के तहत कोई भी कारखाना जो निजी क्षेत्र को लाभ पहुंचाता हो नहीं खोला जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे अनुचित मामलों की रोकथाम के लिए खुले उत्खनन पर रोक लगाई हैं। विधायक ने कहा कि इस बाबत सीमेट फैक्ट्री ने वाटर लेबल डिस्टर्ब होने की जानकारी खुद शासन-प्रशासन को दी है। इस स्थिति में परियोजना प्रारंभ करने जनसुनवाई करना अनुचित व जनहित में अमान्य हैं। उन्होने कलेक्टर के माध्यम से शासन से मांग की है कि क्षेत्र के किसानों द्वारा जारी आंदोलन, धरना प्रदर्शन के मद्देनजर सीमेंट परियोजना को लेकर 11 दिसंबर को आयोजित जनसुनवाई को तत्काल रद्द किया जाए। उन्होने यह भी कहा कि वो पूरी तरह से क्षेत्र की जनता के साथ है और अगर जनता नहीं चाहती कि इस क्षेत्र में सीमेंट परियोजना शुरू नही हो सकेगा।

### कंपनी ने रखा पक्ष

परियोजना को लेकर कंपनी के मुंख्य कार्यकारी रवि तिवारी और छग हेड प्रमोद दुबे ने वार्ता में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि कुछ कतिपय लोग ग्रामीणों को बरगलाकर परियोजना का विरोध कर रहे है। तथ्यों की वाजिब जानकारी लिए बिना मनगढ़ंत बाते बनाकर भोले भाले ग्रामीणों को साथ लेकर अपना स्वार्थ साधने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने बताया कि कंपनी ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों और निर्देशों के आधार पर खदान लिया है। बलौदा बाजार भाटापारा प्लांट का उदाहरण देते हुए कहा कि देश के तीसरे नंबर की सीमेंट कंपनी होने के कारण आम जनता के सारे हितो का ध्यान रखते हुए कंपनी काम करती है। चालीस ग्राम पर इसके प्रभाव, कम दाम पर जमीन खरीदी, विस्थापन, रोजगार, भूजल स्तर घटने, स्कूलो पर तालाबंदी, धूल मिट्टी प्रदूषण, बाहरी लोगों की आवाजाही, रोड रास्तों की दुर्गति, साल मे तीन बार खेती करने वालों की परेशानी, नहर बंद करने, नदी नाले का अस्तित्व खतम हो जाने, जीव जंतुओ पर दुष्प्रभाव जैसे विषयों को लेकर कंपनी का पक्ष उन्होंने रखा और कहा कि जनसुनवाई या अन्य किसी भी प्रकार का कार्य सरकार तय करती है। खुली नीलामी में उन्होंने खदान लीज पर लिया है। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल भी साथ मौजूद थे।

## भाजपा ने शहर में चलाया अभियान



**राजनांदगांव।** भाजपा द्वारा देशभर में हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर जिला भाजपा के समस्त मोर्चा एवं मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में सोमवार को शहर में आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी अभियान चलाया। कार्यक्रम का आरंभ महावीर चौक से हुआ। इसके बाद शहर के मुख्य बाजार की दुकानों में संपर्क कर वोकल फॉर लोकल उत्पादों को बढ़ावा देने दुकानदारों को प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर जनसंपर्क कर कार्यकर्ताओं ने लोगों को स्वदेशी उत्पादों के महत्व के बारे में बताया। वहीं दुकानों में स्वदेशी स्टीकर चिपकाए गए और लोगों को यह शपथ दिलाई गई कि वे दैनिक जीवन में अधिक से अधिक भारत में बने उत्पादों का उपयोग करेंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि यह अभियान जन-जन को स्वदेशी भावना से जोड़ने का एक राष्ट्रव्यापी प्रयास है। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक भारतीय नागरिक को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए प्रेरित कर भारत को आर्थिक और सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। स्वदेशी को एक जन आंदोलन बनाना, ताकि यह हर घर और हर व्यक्ति के जीवन का हिस्सा बन जाए। स्वदेशी वस्तुओं की मांग बढ़ाकर देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना तथा मेक इन इंडिया से रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष तरुण लहरवानी, नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा, मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, सुमित भाटिया एवं पार्षद राजा मखीजा, शरद सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र-एक चुनावः जागरूकता कार्यक्रम ने जगाई नई उम्मीदें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा

भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में आज एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ओपी गुप्ता ने की, जिन्होंने युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों की गहराई समझाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, युवा छात्रों और गणमान्य नागरिकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बार-बार होने वाले चुनावों से उत्पन्न होने वाली समय, धन और प्रशासनिक संसाधनों की बर्बादी को रोकना तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को अधिक सशक्त और कुशल बनाना था।

वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि एक साथ चुनाव कराने से शासन में स्थिरता आएगी, विकास कार्यों को गति मिलेगी और चुनावी खर्चों में भारी कमी होगी।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, ग्राम पंचायत जालबांधा के सरपंच प्रतिनिधि जयराम वर्मा, ग्राम पंचायत पवनतरा सरपंच राजेंद्र वर्मा, ग्राम पंचायत बघमर्रा के सरपंच प्रतिनिधि अनूप लाल वर्मा, जिला सहकारी बैंक जालबांधा के अध्यक्ष फिरन वर्मा, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री प्रेम सागर गुप्ता, अतरिया मंडल महामंत्री उत्तम वर्मा तथा परदेशी साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही।



### मजबूत बनाने का लिया संकल्प

अतिथियों ने अपने संबोधनों में एक राष्ट्र, एक चुनाव को एक दूरदर्शी और जनहितकारी पहल करार दिया। यह व्यवस्था न केवल चुनावी प्रक्रिया को सरल बनाएगी, बल्कि देश के विकास को नई गति प्रदान करेगी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों और नागरिकों के साथ विषय पर सार्थक संवाद भी हुआ। जिसमें युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी चिंताओं को व्यक्त किया। समापन सत्र में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, महाविद्यालय परिवार और नागरिकों ने इस ऐतिहासिक सुधार के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम न केवल स्थानीय स्तर पर जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर इस अवधारणा को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ।

# किसान सतर्क नहीं रहे तो स्थापित होंगे उद्योगः भूपेश

## किसान सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, भूपेश बघेल ने किसानों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

किसान सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं, किसानों की लड़ाई लड़ने आया हूं। जब हमारी सरकार थी तब एक-एक दाना धान खरीदा जाता था, आज हजारों किसानों के नाम काट दिए गए हैं। मनबोध अपनी बात न सुने जाने से मजबूर होकर आत्मघाती कदम उठा लिया, पर सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा संडी, भरदा, गौड़, विचारपुर, पंडरिया, बुंदेली में जमीन तेजी से बिक रही है। आखिर कौन खरीद रहा है? दलालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अगर किसान सतर्क नहीं होंगे तो उद्योग स्थापित होना तय है। किसानों को एकता और समझदारी से अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़नी होगी।

स्थानीय कांग्रेस भवन परिसर में आयोजित किसान सम्मेलन में हजारों की संख्या में किसान पहुंचे। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोमल साहू गिरिराज किशोर, टाकेश्वर शाह खुसरो, गुलशन तिवारी, गिरवर जंघेल, यशोदा वर्मा, हर्षिता बघेल सहित अनेक वक्ताओं ने किसानों की समस्याओं पर प्रभावी संबोधन दिया। इस दौरान जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर, रामकुमार पटेल, भीखम छाजेड़, आकाशदीप, भीगेश यादव, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव नदीम मेमन, राजा सोलंकी, अरशद हुसैन, लक्ष्मण विश्वकर्मा, डॉ. सरजू, विक्की भाई, संजय महोबिया एवं मिहिर झा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन, छत्तीसगढ़ जीवजंतु विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर, हज कमेटी के पूर्व अध्यक्ष असलम खान, रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष शिव ठाकुर, राम बिमलानी व विनय सिंह कुनकुरी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



### नजूल जमीन पर पट्टा जारी करने की मांग

छुईखदान के राजा गिरिराज किशोर दास ने कहा कि नजूल भूमि होने के कारण आवास निर्माण में दिक्कतें आ रही हैं, सरकार शीघ्र पट्टा जारी करे। उन्होंने छुईखदान को बांध से पानी उपलब्ध कराने की भी मांग रखी। उन्होंने कहा कि आज पूरा क्षेत्र किसानों की परेशानी को लेकर लड़ाई में उतारू है।

### सीमेंट फैक्टरी जनसुनवाई बंद हो

गिरवर जंघेल ने कहा कि किसानों का कर्जा भूपेश बघेल ने माफ किया था। भाजपा सरकार के समय सीमेंट फैक्टरी की शुरुआत से किसानों की जमीन खतरे में है। जनसुनवाई तत्काल बंद की जाए।

### हजारों किसानों ने किया सीधा संवाद

सम्मेलन दौरान किसानों ने भूपेश बघेल से सीधे सवाल किए। कार्यक्रम में 1000 से अधिक किसान मौजूद रहे और पूरे आयोजन में कृषि, जमीन संरक्षण और सीमेंट फैक्टरी जनसुनवाई रोकने के मुद्दे प्रमुख रहे।

### किसान विरोधी नीतियों पर सवाल


नवाज खान ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार में 20 क्विंटल धान खरीदी व कर्जा माफी से किसानों को राहत मिली थी, जबकि वर्तमान सरकार में किसान परेशान हैं। विधायक हर्षिता बघेल ने कहा कि किसान धान बेचने दर-दर भटक रहे हैं, यह सरकार पूरी तरह किसान विरोधी है। यशोदा वर्मा ने खाद की कालाबाजारी, वनांचल में किसानों की बर्बाद फसलों व प्रशासनिक लापरवाही पर नाराजगी जताई और कहा कि क्षेत्र में किसानो ने सीमेंट की जन सुनवाई का विरोध कर रहे उसे रोका जावे।

### पीएम आशा योजना अंतर्गत जिले के 15 उपार्जन केंद्रों में खरीदी

# समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन की खरीदी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन द्वारा पीएम आशा योजना अंतर्गत सहकारी सोसाइटियों के माध्यम से समर्थन मूल्य पर दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी की जाएगी। जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। कृषि विभाग ने इस दिशा में तैयारी शुरू कर दी है। खरीफ एवं रबी मौसम में दलहन-तिलहन फसलों का लाभ उठाने वाले किसानों को पीएम आशा योजना का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्किम के तहत खरीफ में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन फसलों तथा रबी में चना, मसूर और सरसों फसलों का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किया जाएगा। इसके लिए जिले में प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के 15 उपार्जन केन्द्रों तथा एक एफपीओ स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड सुकुलदैहान को अधिसूचित किया गया है। योजनांतर्गत खरीफ 2025 के दलहन फसल अरहर, उड़द, मूंग एवं तिलहन फसल में सोयाबीन, मूंगफली तथा रबी 2025-26 हेतु चना, मसूर एवं सरसों फसलों की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में होगी। भारत सरकार द्वारा किसानों के हित में और दलहन तथा तिलहन क्षेत्र का रकबा बढ़ाने के लिए यह सार्थक प्रयास किया गया है। जिससे जिले के किसानों में हर्ष का माहौल है।



### खरीदी की तिथि घोषित

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचना जारी कर अरहर 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 तक, मूंग एवं उड़द 1 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक, मूंगफल्ली एवं सोयाबीन 1 दिसम्बर 2025 से 28 फरवरी 2026 तक, सरसों 15 फरवरी 2026 से 15 मई 2026 तक, चना एवं मसूर 1 मार्च 2026 से 30 मई 2026 तक खरीदी करने के लिए तिथि निर्धारित की गई है। नाफेड उपार्जन एजेंसी के रूप में कार्य करेगी। कृषि विभाग को अधिक से अधिक किसानों तक व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं।

### किसान पोर्टल से पंजीयन

फसलों के उपार्जन के लिए शासन द्वारा अधिकतम उपार्जन मात्रा प्रति एकड़ निर्धारित की गई है। पंजीकरण के लिए किसानों को कृषि विभाग द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। जिससे नाफेड द्वारा डेटा प्रदर्शित किया जाएगा। इस डेटा के आधार पर फसल उपार्जन और भुगतान की प्रक्रिया की जाएगी

### बैंक के जरिये सीधे भुगतान

योजनांतर्गत कृषकों को खरीफ के साथ-साथ रबी मौसम में बोई जाने वाली फसलों का सीधा मुनाफा उनके बैंक खातों में प्राप्त होगा। इससे न केवल रबी फसलों का क्षेत्र विस्तार होगा, बल्कि उन क्षेत्रों के किसानों को भी लाभ होगा, जहां केवल खरीफ में धान की खेती की जाती थी।

### रबी में लें दलहन-तिलहन फसल

शासन द्वारा रबी में दलहन-तिलहन फसलों के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विभाग के माध्यम से विभिन्न योजनाएं जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, नेशनल मिशन ऑन आयलसीड, द्वि फसलीय क्षेत्र विस्तार और आत्मा योजना के तहत अनुदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत राजनांदगांव के विभिन्न सेवा सहकारी समितियों को अधिसूचित किया गया है। जिनमें घुमका, पदुमतरा, सोमनी, छुरिया, कुमरदा, गैंदाटोला, गहिराभेड़ी, डोंगरगांव, तुमड़ीबोड़, कोकपुर, खुर्सीपार, डोंगरगढ़, अछोली, मुसरा, मोहारा और लाल बहादुर नगर शामिल है।

### खरीदी शुरू

भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषकों के हित में तथा दलहन-तिलहन क्षेत्र के विस्तार हेतु कृषक हितकारी योजना का शुभांरभ किया गया है। इसके तहत 1 दिसम्बर 2025 से सोयाबीन, मूंगफली, उड़द एवं मूंग की खरीदी प्रारंभ हो गई है।

**- टीकम सिंह ठाकुर,** उपसंचालक, कृषि

## चिखली में विशाल हिंदू सम्मेलन 14 को

**राजनांदगांव।** चिखली स्थित सर्व समाज मांगलिक भवन मैदान में आगामी 14 दिसंबर को दोपहर 12 बजे होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन के लिए बैठकों का दौर जारी है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के संयोजक डॉ. राघव वर्मा एवं सह-संयोजक मुरली सिंह भारद्वाज (सेवानिवृत पुलिस अधिकारी) द्वारा चिखली बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजन के निमित्त जनसंपर्क अभियान एवं बैठक आयोजित की गई एवं नगरवासियों से आह्वान किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में संत समाज का आशीर्वचन और मार्गदर्शन, मातृशक्ति द्वारा महिला चेतना जागरण, सर्व हिंदू समाज, सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता एवं हिंदू समाज को नई दिशा एवं ऊर्जा प्रदान करेगा। हिंदू सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह अतुल का उद्बोधन समस्त नगरवासियों को प्राप्त होगा। संत समाज ने सभी को सपरिवार सम्मेलन में आने का आह्वान किया है। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की कार्यकारिणी में अध्यक्ष पवन डागा, उपाध्यक्ष सतीश सोनी, रुपाली गांधी, श्री पट्टा समेत अन्य शामिल हैं।

## पुलिस-किसान विवाद सरकार की हठधर्मिता का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



- सरकार की हठधर्मिता और पूंजीवाद मानसिकता का परिणाम

छुईखदान में पुलिस और किसानों के बीच हुई झड़प को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने सरकार की हठधर्मिता और पूंजीवादी मानसिकता का प्रत्यक्ष परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि जब 39 गांव की ग्रामसभाएं कृषि भूमि बचाने और प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री के खिलाफ एकमत हैं, तब सरकार का सीमित संख्या वाले गांवों से प्राप्त संदिग्ध हस्ताक्षरों के आधार पर 11 दिसंबर को जनसुनवाई आयोजित करना सरासर जनहित विरोधी कदम है। इसी कारण इस जनसुनवाई को तत्काल रद्द किया जाना आवश्यक है।

श्री दुबे ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार एक ओर किसानों के धान खरीद में कठोर और उलझाऊ प्रावधान लागू कर अन्नदाताओं को परेशान कर रही है। वहीं दूसरी ओर कृषि भूमि पर उद्योग स्थापित करने अपने चहेते पूंजीपति मित्रों को खुला संरक्षण दे रही है। न्यू बायोलुक फैक्ट्री को बिना विधिवत प्रक्रिया जलापूर्ति जैसी सुविधाएं देना और कल्याणी इस्पात की जनसुनवाई में जनता की आपत्तियों को नजर अंदाज कर उद्योग शुरू करा देना इसी सोच का उदाहरण है। इन कदमों से स्पष्ट है कि वर्तमान सरकार जनता के हितों से अधिक उद्योग घरानों के हितों को प्राथमिकता दे रही है।

अंत में दुबे ने मांग की कि सरकार 11 दिसंबर की जनसुनवाई तत्काल रद्द करे, किसानों और ग्रामसभाओं के निर्णय का सम्मान करे तथा छत्तीसगढ़ की पहचान धान का कटोरा बनाए रखने जनभावना को सर्वोपरि रखे।

## सार समाचार

### अधिवक्ता परिषद ने किया जैन का सम्मान



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जिला इकाई ने वरिष्ठ अधिवक्ता केसी जैन का सम्मान किया। विदित हो कि 25वीं राज्य उत्सव के अवसर पर केसी जैन को ठाकुर छेदीलाल अवार्ड से उपराष्ट्रपति पीसी राधाकृष्ण द्वारा उनका सम्मान किया गया था। इस सम्मान से अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जिला ईकाइ भी प्रसन्न है, क्योंकि राजनांदगांव के वरिष्ठ एवं सम्मनित अधिवक्ता का सम्मान हुआ है। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा, विष्णुप्रसाद साव, टेक्स बार से प्रकाश सांखला, राकेश ठाकुर, डीसी जैन, भगवान झा, राकेश दुबे, गजेन्द्र बक्शी, रमेश गुप्ता, प्रिया कांकरिया, अरूण गुप्ता, अदित्य स्वरूप गुप्ता, धमेंद्र जैन, राजेश डागा ने भी सम्मान समारोह में सहभागिता निभाई। यह जानकारी मयंक शर्मा ने दी।

### छात्राओं के हित के लिए कदम उठाए : राजा



**राजनांदगांव।** एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव के नेतृत्व में सोमवार को शासकीय कमलादेवी राठी महाविद्यालय प्रशासन से छात्राओं के हित में मुलाकात की गई। प्रदेश महासचिव श्री यादव ने कहा कि कमला महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रा जो बी. कॉम में इस वर्ष तीसरे सेमेस्टर में हैं, वह पिछले वर्ष अनियमित छात्र के रूप से दूसरे महाविद्यालय से परीक्षा दी थी, किन्तु दुर्ग यूनिवर्सिटी का नया नियम है कि जो छात्र-छात्राएं पिछले वर्ष अनियमित छात्र के तौर पर परीक्षा दी है, ऐसे छात्र-छात्राओं को नियमित तौर पर महाविद्यालय में एडमिशन नहीं देने का नियम है, जब यह नियम है तो छात्राओं को एडमिशन दिया ही क्यों गया? जब छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा ली जाने वाली परीक्षा, असाइनमेंट सब कार्य किए जा चुके हैं, उसके बाद उनको महाविद्यालय से बाहर का रास्ता दिखना गलत है। प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति के कहा कि ऐसे में बहुत से छात्रों का भविष्य के साथ महाविद्यालय प्रशासन खिलवाड़ कर रहा है। अंतिम समय में नियम का हवाला देकर महाविद्यालय प्रशासन अपनी गलती से पीठ नहीं दिखा सकता। एनएसयूआई महाविद्यालय प्रशासन से मांग करती है कि छात्रों की समस्याओं का निराकरण करे अन्यथा एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी। जिसकी जवाबदेही महाविद्यालय प्रशासन की होगी। इस दौरान एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव, शुभम प्रजापति, मिथलेश चंदेल, आयुष सिन्हा, गीतेश, कपिल शर्मा, लोकेश साहू, केशव आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों व प्राध्यापकों ने किया रक्तदान



**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय राजनांदगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस, भूतपूर्व छात्र संघ एवं बालाजी ब्लड बैंक राजनांदगांव के सहयोग से रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों एवं महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने भाग लेकर मानव सेवा के प्रति अपने दायित्व का परिचय दिया। कार्यक्रम में बालाजी ब्लड सेंटर राजनांदगांव की विशेषज्ञ टीम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त संग्रह किया गया। शिविर में उत्साहवर्धन हेतु रमेश चंद्राकर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, मनोज साहू मंडल अध्यक्ष, नागेश यदु आदि ने कहा "अधिक से अधिक रक्त उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है और इसमें युवाओं का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। आपका एक कदम कई जीवन बचाने में सहायक बन सकता है।" रक्तदान शिविर में विभिन्न संकायों के छात्रों एवं गोदग्राम पारीकला के युवाओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लेना उनके जागरूकता का परिचायक है। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि रक्तदान जैसे मानवीय कार्य छात्रों में अनुशासन, संवेदनशीलता और सामाजिक दायित्व की चेतना को प्रबल करती है।

### साय सरकार से जनता की उम्मीद खत्म हो चुकी : भूपेश बघेल

# नवनियुक्त शहर व ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्षों ने ग्रहण किया पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत राजनांदगांव जिले में शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर क्रमशः जितेंद्र मुदलियार और विपिन यादव की नियुक्ति की गई। दोनों नवनियुक्त अध्यक्षों का पदभार ग्रहण समारोह 7 दिसंबर को सतनाम भवन राजनांदगांव में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, जिले के विधायक, पूर्व विधायक, वरिष्ठ नेता तथा बडी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई एवं पंकज बांधव ने किया। इस अवसर पर गिरीश देवांगन, हर्षिता स्वामी बघेल, भुवनेश्वर बघेल, छन्नी साहू, थानेश्वर पाटिला, रूपेश दुबे, मेहुल मारु, डॉ. आफताब आलम, संतोष पिल्ले, बृजेश शर्मा, श्रीकिशन, रमेश राठौर, महेंद्र यादव, चुम्मन साहू, राहुल तिवारी, मनोज सिन्हा, रामादेवी वर्मा, रतन यादव, रितेश जैन, विजय राज सिंह, आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, रोहित चंद्राकर, रूबी गरचा, दौलत चंदेल, प्रेम रुपचंदानी, इकरामुद्दीन सोलंकी, मामराज अग्रवाल, विवेक वासनिक, शारदा तिवारी, रौशनी सिन्हा, आशा अग्रवाल, सरिता गजभिये, अशोक पंजवानी, राकेश जोशी, चेतन भानुशाली, महेश सेन, एनी माखिजा, सौरभ वैष्णव, अमर झा, राकेश चंद्राकर, विनय झा, समीश मसीह, अमीन हुड्डा, शरद पटेल, राजिक सोलंकी, अभिमन्यु मिश्रा, रीना पटेल, खैरुनिशा, गोपीचंद गायकवाड़, गामेंद्र नेताम, ताराचंद साहू, विरेंद्र चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, दीपक साहू, परस साहू, शैलेष साहू, ललित कुमरे, महेश यादव, युवराज भारती, महेश यादव, लोकू यादव, मनोज सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### हर एक कार्यकर्ता को साथ लेकर चलेंगे

पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज ने कहा कि दोनों जिला अध्यक्षों की नियुक्ति कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की इच्छा के अनुरूप, पूर्णतः लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हुई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त अध्यक्ष हर एक कार्यकर्ता को साथ लेकर संगठन को मजबूत करेंगे और जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा आज इनका पदभार ग्रहण है। 2028 में कांग्रेस सरकार का शपथ ग्रहण हम सभी मिलकर करवाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा पहला उद्देश्य जमीन से जुड़े कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मजबूत बनाना है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ संघर्ष करते 2028 में कांग्रेस की सरकार बनाने का हमारा संकल्प अटूट है। किसान ही नहीं हर वर्ग का व्यक्ति शासन की नीतियों से परेशान है।

### नक्सली सफलता कांग्रेसी नीतियों का नतीजा

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षकों से कुत्तों की निगरानी करने कह रही है। उन्होंने कहा कि इस मानसिकता के साथ आप प्रदेश में किस तरह सुराज ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज नक्सल मामलों में जो सफलता मिल रही है, वह कांग्रेस सरकार के दौरान बनाई हुई नीतियों का ही नतीजा है। उन्होंने कहा कि जनता साय सरकार से न केवल नाराज है, बल्कि ये सरकार उनकी उम्मीद भी खो चुकी है।

### जनविरोधी नीतियों के खिलाफ होगा संघर्ष

इस दौरान जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर इसी जोश के साथ सरकार से लोहा लेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और जनता के शोषण के खिलाफ हम पूरी ताकत से संघर्ष करेंगे।

## किसानों से 1312944 क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में धान की खरीदी महाभियान के लिए किसानों में हर्ष व्याप्त है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी के सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए हैं। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाईल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे हैं। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 25609 पंजीकृत किसानों से 311 करोड़ 92 लाख 95 हजार रूपए मूल्य का 1312944 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

# गौ तस्करी व अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई की मांग



**राजनांदगांव।** जिले के अंतर्गत आने वाले अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट से लगातार गौ-तस्करी व अवैध वसूली के मामले सामने आ रहे हैं। जिसके विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा के नेतृत्व में वरिष्ठ कांग्रेस नेता बबलू कसार, पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, युवा नेता विशु अजमानी आदि कांग्रेस नेताओं ने एएसपी राहुल देव शर्मा को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा।

श्री मिश्रा ने बताया कि मध्यप्रदेश के मवेशी तस्कर धड़ल्ले से रात में ठंड की वजह से सूनसान रास्ता होने का फायदा उठाकर बिना किसी वैध दस्तावेज कोदवागोड़ान होते हुए पोलमी के रास्ते चार चक्का गाड़ियों में ठूंस-ठूंस कर गोवंश को मध्यप्रदेश ले जा रहे हैं। यह गंभीर विषय है कि कोदवागोड़ान में वन विभाग का चेक पोस्ट और पोलमी में अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट होने के बावजूद यह हो रहा है। हाल ही में स्थानीय लोगों द्वारा एक गाड़ी को पकड़ने का प्रयास भी किया गया था। इसके अलावा पाटेकोहरा बेरियर शुरूआत से ही विवादित रहा है।

उक्त मौके पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा सहित पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, वरिष्ठ नेता बबलू कसार, युवा नेता विशु अजमानी, विनोद बमभोले, सागर ताम्रकार, तौसीफ गोरी, राजा वर्मा, प्रीयांश भीमटे, अभी गुप्ता, ओमप्रकाश साहू, नूतेश कुमार, पुष्पराज कंवर, ललेश्वर कुंवर, रूपेंद्र कंवर, दुर्गेश , लोकेश कुमार, विवेक गुप्ता आदि युवा उपस्थित थे।

# अधिकारी-कर्मचारी मांगों को लेकर संघर्षरत

- प्रांताध्यक्ष ने कराया नवनिर्वाचित जिला टीम का शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी-कर्मचारी संघ अजाक्स के नवनियुक्त इकाई के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह अपर कलेक्टर सीएल मारकंडेय के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। डॉ. आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर को संविधान दिवस एवं बिरसा मुंडा के जन्मदिन के संयुक्त आयोजन पर जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी सम्मेलन रखा गया।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मेघनाथ भुआर्य तथा संपूर्ण जिला इकाई को अजाक्स के प्रांताध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण भारती ने पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मेघनाथ भुआर्य ने अपनी जिला इकाई के साथ संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली। शपथकर्ता पदाधिकारियों में सीएल चंद्रवंशी, राजकुमार नागदेवे जिला संरक्षक, मेघनाथ भुआर्य जिला अध्यक्ष, खेमलाल देशलहरे जिला कोषाध्यक्ष, विरेन्द्र कुमार रंगारी जिला सचिव, कुमुदिनी वैद्य, ठाकुरराम चंद्रवंशी, भूषण कुमार भुआर्य और अमिताभ दुफारे जिला उपाध्यक्ष, प्रशांत सुखदेवे जिला सह-सचिव, शीतल कुमार टंडन जिला मीडिया प्रभारी, अनिता अमेला जिला संगठन मंत्री, रितेश रंगारी एवं जिनेन्द्र मार्कण्डेय, कपूरचंद डोंगरे, महादेव वाल्दे, रेवाराम चंद्रवंशी, राजेश नागदेवे, ईश्वर चंद्रवंशी, प्रहलाद ठाकुर, देवसिंग अमेला, रघुलाल कंवर, रेणु जामगड़े, पुष्पा दामले आदि कार्यकारिणी सदस्य है। प्रांताध्यक्ष लक्ष्मण भारती ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं आदिवासी समाज के अधिकारी-कर्मचारी अपनी संवैधानिक मांगों को लेकर निरंतर संघर्षरत है। अपर कलेक्टर सीएल मार्कंडेय ने अनुसूचित जाति एवं आदिवासी अधिकारी-कर्मचारियों की एकजुटता की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि टीकम सिंह ठाकुर डिप्टी डायरेक्टर कृषि विभाग तथा विशेष अतिथि अंकित चौहान डिप्टी कलेक्टर उपस्थित हुए। विशेष अतिथि जयेंद्र पटले लोक अभियोजन अधिकारी, मुख्य वक्ता प्रशांत सुखदेवे तथा पूर्व अध्यक्षद्वय सिद्धार्थ चौरे एवं सीएल चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। समारोह का समापन अजाक्स जिला सचिव विरेन्द्र कुमार रंगारी द्वारा किया गया। सभा का संचालन टीआर चंद्रवंशी और प्रशांत सुखदेवे ने किया। यह जानकारी अजाक्स जिला इकाई राजनांदगांव के नवनिर्वाचित जिला सचिव विरेन्द्र कुमार रंगारी ने दी।

50 प्रतिशत कोटा खत्म

छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़

# पीजी की सीटों में कटौती, मेडिकल छात्रों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीट पीजी की सीटों में फेरबदल करते प्रदेश सरकार द्वारा स्थानीय छात्रों के लिए दिए जाने वाले 50 प्रतिशत कोटे को खत्म कर दिया गया है। जिसको लेकर मेडिकल के छात्रों में इस निर्णय के खिलाफ आक्रोश है। आज मुख्यमंत्री के राजनांदगांव पहुंचने पर मेडिकल छात्रों ने एक ज्ञापन के माध्यम से पीजी के आरक्षण को यथावत रखने की मांग की है।

मेडिकल स्टुडेंट ने अपने ज्ञापन में कहा है कि शासकीय मेडिकल कॉलेज की पीजी सीट पर इंस्टीट्यूशनल वरीयता को 50 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत कर स्थानीय छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस तरह के आदेश से अपने ही राज्य का कोटा घटाकर मेडिकल एजुकेशन सिस्टम की गुणवत्ता को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आदेश से बाहरी छात्रों के लिए 75 प्रतिशत सीटें उपलब्ध होगी। जबकि स्थानीय सीजी के ग्रैजुएट्स केवल 25 प्रतिशत सीटों पर ही संघर्ष करेंगे।



### डिग्री लेकर लौट जाएंगे बाहरी

ज्ञापन देने पहुंचे मेडिकल छात्रों ने कहा कि प्रदेश में 75 प्रतिशत सीटें बाहरी छात्रों के लिए ओपन कर दी गई है। जिसमें अन्य प्रदेशों से पीजी करने वाले डिग्री लेकर अपने प्रदेशों में लौट जाएंगे।

### स्थानीय के अधिकारों का हनन

ज्ञापन देने पहुंचे फाइनल ईयर के छात्र हिमांशु कुमावत और जतिन टांक ने कहा कि सरकार द्वारा पहले स्थानीय के लिए 50 प्रतिशत कोटा हुआ करता था, जिसे खत्म कर अब स्थानीय के लिए 25 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं अन्य बाहरी लोगों के लिए 75 प्रतिशत ओपन कोटा लागू कर दिया गया है। जिससे स्थानीय लोगों के अधिकारों का हनन है। अपने ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग करते कहा कि जैसा पहले स्थानीय के लिए पीजी में आरक्षण दिया गया था। उसी तरह से 50 प्रतिशत आरक्षण को यथावत रखा जाए।

# छोटे किसानों का धान प्राथमिकता से पहले खरीदे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने शनिवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर समिति प्रबंधकों एवं पटवारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रवार धान खरीदी, रकबा समर्पण एवं अन्य व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों का धान प्राथमिकता से पहले खरीदे। ऐसे किसान जिन्होंने निर्धारित रकबा तक अपने धान की बिक्री कर दी है, उनके रकबा समर्पण के कार्य में गति लाएं। उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों एवं पटवारियों से कहा कि ईमानदारी एवं प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य करें। किसान रकबा समर्पण के लिए स्वप्रेरित होकर स्वयं रकबा समर्पण कर रहे है। इसके साथ ही अवैध धान परिवहन पर रोक लगाने के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

उन्होंने सभी समिति प्रबंधकों, पटवारियों एवं अन्य अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सहयोग से कार्य करने कहा। उन्होंने कहा कि जिले में शुद्ध धान खरीदी प्राथमिकता होनी चाहिए। समितियों में लिमिट बढ़ाई जा रही है। किसानों को धान की बिक्री में दिक्कत नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। कलेक्टर ने सभी समिति प्रबंधकों एवं पटवारियों से कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि एवं आशंका होने पर तत्काल सूचना दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

कलेक्टर यादव ने कहा कि ऐसे समिति प्रबंधक जिन्होंने धान खरीदी में उकृष्ट कार्य किया है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा।



### उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने कहा कि किसानों से बात करें और उनसे जानकारी लेकर रकबा समर्पण कराएं। कोचियों एवं बिचौलियों के संबंध में किसानों को भी जागरूक करें। इस दौरान धान खरीदी कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समिति प्रबंधक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी सहित समिति प्रबंधक एवं पटवारी उपस्थित थे।

### गंज चौक से कन्हारपुरी तक होगा सड़क का चौड़ीकरण कार्य

# प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य का मेयर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गंज चौक से कन्हारपुरी तक चौड़ीकरण कर सड़क निर्माण किए जाने शासन बजट में प्रावधान किया गया था। जिसकी स्वीकृति उपरांत सड़क निर्माण के लिए प्रक्रिया एवं कार्रवाई की जा रही है। प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का आज महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं लखोली क्षेत्र के पार्षदों तथा निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी चर्चा की।

निगम सीमा क्षेत्र के लखोली क्षेत्र में यातायात के दबाव को देखते हुए गंज चौक से कन्हारपुरी बाईपास तक सड़क चौडीकरण कर रोड निर्माण करने शासन के बजट में प्रावधान किया गया था। प्रावधान अनुसार मुख्यमंत्री नगर उत्थान योजना के तहत लखोली रोड निर्माण के लिए राशि रुपए 14.54 करोड स्वीकृति प्राप्त हुई। स्वीकृति पश्चात नगर निगम द्वारा चौड़ीकरण कर रोड निर्माण करने प्रक्रिया की जा रही है। प्रस्तावित रोड का महापौर यादव ने आज निरीक्षण कर निर्माण के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। महापौर यादव ने कहा कि शहर विकास के लिए शासन के बजट में विभिन्न प्रावधान किए गए थे। जिसकी स्वीकृति प्राप्त हुई है। लखोली क्षेत्र में यातायात के दबाव को देखते हुए एवं सुगम आवागमन के लिए गंज चौक से कन्हारपुरी बाईपास तक सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली। जिसमें चौड़ीकरण कर दोनों तरफ नाली तथा सड़क निर्माण किया जाना है। उन्होंने कहा कि चौड़ीकरण से लखोली क्षेत्र के कुछ घर एवं प्रतिष्ठान प्रभावित हो रही है। इस संबंध में उन्होंने क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण हो जाने से आवागमन में सुविधा होगी तथा दुर्घटना से राहत मिलेगी। प्रभावित घर एवं व्यवसाय के संबंध में उन्होंने कहा कि चौड़ीकरण में कम से कम नुकसान हो, इसका प्रयास किया जाएगा।



### सर्वे के साथ मार्किंग

महापौर यादव ने सड़क निर्माण के संबंध में निगम द्वारा की जा रही प्रक्रिया की जानकारी ली। आयुक्त विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि शासन स्वीकृति अनुसार 14.54 करोड़ रुपए से गंज चौक से कन्हारपुरी बाईपास तक सड़क चौड़ीकरण किया जाना है। जिसमें 2.5 किमी सड़क निर्माण कर दोनों तरफ नाली के साथ-साथ डिवाईडर का निर्माण किया जाएगा। सड़क निर्माण के लिए सर्वे कर मार्किंग की जा रही है। टेंटर प्रक्रिया पश्चात निर्माण प्रारंभ किया जाएगा।

### शीघ्र शुरू होगा निर्माण

महापौर यादव ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए, ताकि जल्द निर्माण शुरू हो सके और शासन की मंशानुरूप रोड का निर्माण हो। जिसका सुगम आवागमन के लिए लाभ मिल सके। इसके अलावा प्रभावित लोगों का कम से कम नुकसान हो, इसका भी ध्यान रखा जाए। न




**सौगात : विधायक भावना के प्रयासों से विधानसभा के किसानों को मिली करोड़ों की सौगात**

# सिंचाई सुविधा विस्तार परियोजनाओं के लिए 13 करोड़ का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पंडरिया विधानसभा में अधिकांश क्षेत्र ग्रामीण बाहुल्य है, जहां कृषि वहां के निवासियों की आय का प्राथमिक स्त्रोत है। इसलिए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा किसानों की समृद्धि, उनके आय में वृद्धि, बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में श्रीमती भावना बोहरा ने सोमवार को ग्राम छीरपानी में पंडरिया विधानसभा में कृषि, सिंचाई व जल संरक्षण हेतु 13 करोड़ 78 लाख 74 हजार रुपए के विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस सौगात के लिए पंडरिया विधायक ने क्षेत्रवासियों को बधाई दी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया है।

इस दौरान उन्होंने पंडरिया विकासखंड अंतर्गत 5 करोड़ 88 लाख 50 हजार रुपए की लागत से महीडबरा जलाशय शीर्ष कार्य, नहर कार्य संरचनाओं का जीर्णोद्धार कार्य, 02 नग व्हीआरबी निर्माण कार्य एवं मुख्य नहर का सीसी लाईनिंग कार्य एवं 4 करोड़ 22 लाख 70 हजार रुपए की लागत से आगर नदी पर ग्राम छीरपानी के पास एनीकट निर्माण और 3 करोड़ 67 लाख 54 हजार रुपए की लागत से ग्राम अमनिया के कन्हैया नाला में एनीकट कम काजवे का निर्माण कार्य एवं उद्वहन सिंचाई योजना निर्माण कार्य इस प्रकार कुल 13 करोड़ 78 लाख 74 हजार रुपए के कृषि परियोजनाओं का भूमिपूजन किया। विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि क्षेत्र में जल संसाधनों के सुदृढ़ीकरण, सिंचाई सुविधा के विस्तार और किसानों की समृद्धि को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीकृति मिली है, जिनका आज क्षेत्र के किसानों व ग्रामीणों के साथ विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य, गांवों की खुशहाली और क्षेत्र की आर्थिक प्रगति की मजबूत नींव है। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जल संचय की क्षमता कई गुना बढ़ेगी, किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की आपूर्ति होगी जिससे उत्पादन एवं उनकी आय में वृद्धि होगी। एनीकटों के निर्माण से बरसात के पानी का संरक्षण होगा, भू-जल स्तर में सुधार आएगा और गर्मियों में भी सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध रहेगा। इससे जल संकट की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी और क्षेत्र के किसानों को बारहमासी जल स्त्रोतों का लाभ प्राप्त होगा। निश्चित ही यह परियोजनाएं पंडरिया विधानसभा को कृषि के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाएगी। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान और जनता उपस्थित थें।

### भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों के लाभ से आमजनता के जीवन में आई खुशहाली: विधायक



विधायक भावना बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिस तत्परता से डबल इंजन भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। किसानों के हित को सर्वोपरि रखकर उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बना रही है, वह विकसित भारत का सशक्त प्रमाण है। आज पंडरिया विधानसभा के किसान भाई-बहनों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण 400 करोड़ से अधिक के विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्य पंडरिया विधानसभा को नई पहचान दे रहें हैं वहीं सड़क, नाली, पुल-पुलिया, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है और भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों के लाभ से आमजनता के जीवन में खुशहाली व सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। आज इन परियोजनाओं के भूमिपूजन से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में किसानों के सशक्तिकरण और सिंचाई व्यवस्था को नई गति मिलेगी वहीं खेतों तक जल की सतत आपूर्ति, सिंचाई क्षमता में व्यापक वृद्धि, कृषि उत्पादन में मजबूती और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी।



## कराटे प्रतियोगिता में आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों का दबदबा

- देश के विभिन्न राज्यों से हजारों की संख्या में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा


ऑल इंडिया ओपन कराटे नेशनल चैंपियनशिप-2025 का आयोजन महिला महाविद्यालय भिलाई में 06 व 07 दिसंबर को किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से लगभग हजारों की संख्या में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस प्रतियोगिता में श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा के 22 छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिनमें 10 विद्यार्थियों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं जूनियर बालिका अंडर-59 किलो ग्राम वर्ग में पलक टोण्डर कक्षा 12वीं ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा सब जूनियर बालक अंडर-60 किलो ग्राम वर्ग में अनुराग चन्द्रवंशी, अंडर-40 किलो ग्राम वर्ग में वासु चन्द्रवंशी, अंडर-65 किलो ग्राम वर्ग में गौरव ठाकुर व बालिका अंडर-45 किलो ग्राम वर्ग में अंशिका लहरे ने रजत पदक प्राप्त किया। साथ ही साथ सब जूनियर बालक अंडर-45 किलो ग्राम वर्ग में भावेश कुमार, सब जूनियर बालिका अंडर-30 किलो ग्राम वर्ग में श्रद्धा चन्द्रवंशी, अंडर-35 किलो ग्राम वर्ग में अन्वी सिंह, अंडर-40 किलो वर्ग में दिव्यांशी कुर्रे व अंडर-55 किलो ग्राम वर्ग में अपूर्वी बंजारे ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं टीम के कोच भावना भगत व मैनेजर अनिल चन्द्रवंशी उपस्थित थें। विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्राचार्या एम शारदा एवं विद्यालय खेल विभाग के साथ-साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई प्रेषित की।

### देवरी में उल्लास नवभारत साक्षरता महा परीक्षा अभियान सम्पन्न



**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल केन्द्र मरका एवं ग्राम पंचायत लोचन अंतर्गत गत दिनों 07 दिसंबर को उल्लास नवभारत साक्षरता महा परीक्षा महाअभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह परीक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता को बढ़ावा देने तथा निरक्षर व्यक्तियों को मूलभूत शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा ने बताया कि महाअभियान के तहत गांव के विभिन्न मोहल्लों से दर्जनों शिक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। शिक्षार्थियों में सीखने के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल शिक्षा प्रदान करने का माध्यम है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में जागरूकता और आत्मनिर्भरता का संदेश भी देता है। कार्यक्रम के दौरान संकुल प्राचार्य वीरेंद्र चंद्रवंशी, संकुल समन्वयक सनत तिवारी तथा शिक्षक अजीत यादव विशेष रूप से उपस्थित थें। सभी अतिथियों ने सर्वप्रथम शिक्षार्थियों का पुष्प एवं तिलक के साथ स्वागत कर उन्हें परीक्षा हेतु प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात निर्धारित समय पर परीक्षा का शुभारंभ किया गया। परीक्षा केन्द्र पर शिक्षकों एवं सहयोगी कर्मियों द्वारा सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी, जिससे शिक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षा के दौरान अनुशासन, शांति और सकारात्मक वातावरण बना रहा। शिक्षकों ने कहा कि यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और आगे भी ऐसी पहल निरंतर जारी रहेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि साक्षरता अभियान से गांव के लोगों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

## 6 करोड़ रुपए गन्ना रिकवरी राशि किसानों के खातों में भेजी गई



- आसपास क्षेत्र के 7658 कृषक हुए लाभान्वित।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया द्वारा पेराई सत्र 2024-25 में गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। कारखाने प्रबंधन ने 7658 कृषकों को गन्ना रिकवरी का भुगतान 40 रुपए प्रति क्विंटल के मान से कुल 6 करोड़ रुपए की राशि 06 दिसंबर को किसानों के बैंक खातों में जारी करने हेतु बैंक में प्रेषित कर दी है। कारखाने के प्रबंध निर्देशक उत्तर कुमार कौशिक ने बताया कि बकाया भुगतान को समय पर निपटाना कारखाने की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके मेहनत के उचित मूल्य दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। भुगतान की राशि बैंक में भेज दी गई है, जिसे जल्द ही किसान भाइयों के खातों में प्राप्त कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में पेराई सत्र 2025-26 सुचारू रूप से जारी है। गन्ना लेकर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं को और बेहतर किया गया है। कारखाने परिसर में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता, अनुशासन, तौल व्यवस्था तथा परिवहन व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संबंधित कर्मचारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं कि किसान हित सर्वोपरि है। किसान संगठनों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समय पर भुगतान किसानों के लिए बड़ी राहत है, जिससे उनकी कृषि कार्यों में गति आएगी। कारखाना प्रबंधन ने किसानों के सहयोग और विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए आगे भी बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का आश्वासन दिया है।

## सुधार व मरम्मत कार्य के अभाव में चार वर्षों से सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट बंद, जिम्मेदार बेपरवाह

- सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट शोपीस की तरह खड़ी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव के ग्रामीण जन की मांग व शिकवा शिकायत के बाद भी बेपरवाह जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट चार वर्षो से बंद होने के कारण गली मोहल्ले व चौक चौराहा में अंधेरा पसरा हुआ है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदार अधिकारियों से मांग कर शहर की भांति ग्रामीण क्षेत्र में भी सौर ऊर्जा लाइट की रोशनी से से जगमगा उठे। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि ग्राम पंचायत कोलेगांव में 15वें वित्त के माध्यम से लाखों रुपए की लागत राशि खर्च करने के बाद 10 सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट लगाया गया था जो कुछ माह तक ही चल पाया उसके बाद आज वर्षो से सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट बंद पड़ा है और सिर्फ शोपीस की तरह खड़ी है।

जिस पर ग्रामीणो ने मांग कि है कि ग्राम कोलेगांव में लगे सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट शहर की तरह गांव में भी योजना का लाभ मिल सके। जिस पर रहवासियों ने जिम्मेदार शासन प्रशासन से मांग करते हुए ग्राम पंचायत कोलेगांव में 10 सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट की सुधार व मरम्मत कार्य किया जाएं ताकि गली-मोहल्ले व चौक चौराहे रोशन हो सकें।

### जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में धनौरा का शानदार प्रदर्शन



**हरिभूमि पिपरिया।** मरका जोन अंतर्गत ग्राम कोयलारी में आयोजित जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धनौरा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यार्थियों ने खेल और सांस्कृतिक दोनों ही श्रेणियों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की। प्रतियोगिता में बालिका कबड्डी एवं बालिका खो-खो टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक खो-खो टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में द्वितीय स्थान हासिल किया। शैक्षणिक गतिविधियों में भी स्कूल ने अपना प्रभाव बनाए रखा, जिसमें विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, इन उपलब्धियों पर संकुल प्राचार्य वीरेंद्र चंद्रवंशी, संकुल समन्वयक सनत तिवारी, एसएमसी अध्यक्ष गुलाबचंद साहू, प्रधान पाठक नरेन्द्र सर्वे तथा शिक्षक भूपेंद्र चंद्रवंशी और रामगुलाम पटेल ने सभी विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन विद्यालय की मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास का परिणाम है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

## भगतपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया की ग्राम पंचायत भगतपुर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति का भव्य अनावरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंडरिया विधानसभा विधायक श्रीमती भावना बोहरा उपस्थित थें। उनके आगमन पर ग्रामीणों एवं आयोजन समिति द्वारा पारंपरिक तरीके से फूल-माला, तिलक एवं गाजा-बाजा के साथ भव्य स्वागत किया गया व कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत भगतपुर के सरपंच कपिल चंद्राकर के नेतृत्व में किया गया। अतिथियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजा-अर्चना की। वक्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को भारत की एकता का आधार स्तम्भ बताते हुए कहा कि उन्होंने देश को संगठित रखने और सभी को साथ लेकर चलने का कार्य किया। वहीं कार्यक्रम में हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी।




अनावरण कार्यक्रम में सर्व कुर्मी समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य, भाजपा के कार्यकर्ता और आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थें। जिससे पूरा परिसर उत्साह और देशभक्ति के माहौल से भर गया। इस वर्ष सरदार पटेल की 150वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। वहीं विधायक श्रीमती बोहरा ने क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं जिसमें रौहा में 15 लाख रुपए की लागत से छात्रावास निर्माण, भगतपुर पंचायत में सामुदायिक भवन के निर्माण की घोषणा की, ग्रामीणों ने इन घोषणाओं का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। अनावरण कार्यक्रम देश की एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार पटेल को समर्पित रहा और पूरे क्षेत्र में उत्साह की लहर देखने को मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्रवंशी, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी नंदनी साहू किशोर सानू तिवारी अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

**सूतियापाट नहर का विस्तारीकरण जोरों पर, 40.44 करोड़ की मंजूरी, 8762 हे. भूमि होगी सिंचित**

## जगमड़वा और बरोदा खुर्द जलाशय के कार्यों को मिली रफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के कृषक हितैषी पहल और कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से बीते दो वर्षों में कवर्धा विधानसभा में सिंचाई सुविधा में तेजी से विस्तार हुआ है। उनके प्रयासों से इन दो सालों में 11 कार्यों के लिए 40.44 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है। विभिन्न प्रगतिशील सिंचाई परियोजनाओं के पूरे होने से 8762 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा के मार्गदर्शन में सिंचाई के लिहाज से महत्वपूर्ण कई परियोजनाओं के कार्यो को आगे बढ़ाया गया है ताकि किसानों तक इन सुविधाओं का लाभ पहुंच सके। गत दो वर्षो में सिंचाई क्षमता विस्तार को देखें तो अलग अलग प्रोजेक्ट्स से 2834 हेक्टेयर क्षेत्र की वृद्धि दर्ज की गई है। उप मुख्यमंत्री ने लगातार कवर्धा में सिंचाई सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रयास किए। उन्होंने सूखेग्रस्त क्षेत्रों का स्वयं दौरा कर किसानों से संवाद भी किया है। साथ ही लगातार बैठकों में भू-अर्जन और वन स्वीकृति जैसे महत्वपूर्ण प्रकरणों की समीक्षा कर कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इन परियोजनाओं से जिले में सिंचाई क्षमता में व्यापक वृद्धि होगी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का लक्ष्य है कि कवर्धा जिला सिंचाई सुविधाओं के मामले में प्रदेश अग्रणी जिलों में शामिल हो।

### 40.44 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति मिली

उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से 1 दिसंबर 2025 तक जिले में सिंचाई विस्तार के 11 महत्वपूर्ण कार्यों के लिए 40.44 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिससे 1977 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता का विस्तार होगा। उप मुख्यमंत्री के सतत प्रयासों से कवर्धा के प्रमुख महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है, इनसे संबंधित भू-अर्जन प्रकरणों, वन प्रकरणों की स्वीकृति आदि को गति प्रदान की जा रही है। जिनमें बरोदा खुर्द जलाशय, जगमडवा जलाशय, घटोला परियोजना और सुतियापाट नहर विस्तारीकरण योजना शामिल है। उप मुख्यमंत्री ने सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य को प्राथमिकता देते हुए इसे तेजी से प्रारंभ करवाया। किसानों की मांग के अनुरूप नहरों का समावेश योजना में किया गया है। इन प्रगतिशील परियोजनाओं के पूर्ण होने पर जिले में कुल 8,762 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होगी।

### कड़ाके की ठंड में अलाव का सहारा ...



**हरिभूमि कोलेगांव।** कबीरधाम जिले की ग्रामीण क्षेत्रों में इन समय शीतलहर के चलते ठंड इतना ज्यादा बढ़ गया है कि ग्रामीण जन कड़ाके की ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे है।

## निर्माण कार्यों से शिक्षा, बुनियादी ढांचा और सामुदायिक विकास को मिलेगी गति: उप मुख्यमंत्री

# नपं पिपरिया को मिली साढ़े पांच करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को नगर पंचायत पिपरिया को विकास की नई दिशा देते हुए कुल साढ़े 5 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात दी। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, पिपरिया परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना हमारी प्राथमिकता है। शिक्षा, बुनियादी ढांचा और सामुदायिक विकास तीनों को गति देने के लिए ये कार्य मील का पत्थर साबित होंगे। इन परियोजनाओं के साथ पिपरिया में शिक्षा, सार्वजनिक सुविधाओं और नगरीय विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव की शुरुआत हो चुकी है। यह सौगात पिपरिया के आने वाले वर्षों को नई रफ्तार देने वाली साबित होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष घुरवाराम साहू जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर वीरेंद्र साहू, मुकेश अग्रवाल, निर्मल द्विवेदी, पार्षद कमल कांत नाविक, सोम पटेल सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ



उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पिपरिया में साढ़े 5 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने 1 करोड़ 60 लाख 92 हजार रुपए की लागत से पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, 14 लाख 83 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, 10 लाख रुपए की लागत से जायसवाल सामुदायिक भवन, 3 करोड़ 31 लाख 90 हजार रुपए की लागत से विभिन्न स्थानों में चौरिया, घड़ी व अन्य चौक निर्माण-सौंदर्यीकरण, हाईमास्ट लाईट, आरसीसी नाली, सीसी रोड, बाउंड्री वाल, व्यायामशाला, सामुदायिक भवन एवं पाथवे निर्माण, 19 लाख रुपए की लागत से स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में रासायनिक, प्री-विज्ञान व भौतिक प्रयोगशाला और 20 लाख रुपए की लागत से नवीन खाद्य गोदाम निर्माण का भूमिपूजन किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह सभी परियोजनाएँ पिपरिया को आधुनिक शिक्षा, बेहतर बुनियादी सुविधाओं और सुदृढ़ नगरीय विकास की दिशा में नई गति देंगी।

#### भाजपा सरकार जिले के विकास के लिए कर रही प्रयास

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिपरिया में साढ़े 5 करोड़ रुपए की बड़ी राशि से एक साथ विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिपरिया अस्पताल का उन्नयन हो चुका है, वहीं सीएचसी निर्माण के लिए स्वीकृति जारी कर दी गई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की गई है तथा अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन की शुरुआत भी की गई है। उन्होंने बताया कि आईटीआई के लिए पौने 3 करोड़ रुपए और अनुसूचित जाति छात्रावास निर्माण के लिए 1.5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिससे युवाओं और विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा।

#### पीएम श्री स्कूल का उन्नयन

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पिपरिया स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पीएम श्री स्कूलों के उन्नयन के लिए 1 करोड़ 60 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने स्कूल में संचालित स्मार्ट क्लास की व्यवस्था और विद्यार्थियों से इसकी उपयोगिता की जानकारी ली।

# उप मुख्यमंत्री शर्मा ने की मेडिकल कॉलेज भूमिपूजन कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा



- अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 11 दिसंबर को कवर्धा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहे मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। पहले उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन से जुड़ी तैयारियों की प्रगति के बारे में अपडेट लिया। जिसके पश्चात घोठिया में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मुख्य मंच व बैठक व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, यातायात व पार्किंग, बेरीकेडिंग, सुरक्षा, पेयजल जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए की जा रही तैयारियों के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। कार्यक्रम में आने वाले जनसमुदाय को ध्यान में रखते हुए प्रवेश एवं निकासी के लिए व्यवस्थित तैयारियां की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेक्टर में समुचित बैठक और पेयजल व्यवस्था हो। इस अवसर पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच के साथ डोम एवं पंडाल बनाए जा रहे हैं, जिसमें कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले लोगों के लिए बैठक व्यवस्था की जा रही हैं। वहीं कार्यक्रम स्थल में विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएंगी। इसके अलावा, कार्यक्रम स्थल पर अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए भी तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, डीएफओ निखिल अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी, एडीएम विनय पोयाम, एएसपी पंकज पटेल, एसडीएम चेतन साहू, एसडीओपी कृष्णा चंद्राकर सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बोड़ला में परिवार नियोजन कार्यक्रम

**बोड़ला।** सीएससी बोड़ला में सोमवार को बीएमओ डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूर के नेतृत्व में परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. सतीश चंद्रवंशी सृजन के द्वारा सीटीटी, एनएसव्हीटी महिला एवं पुरुष का सफल ऑपरेशन किया गया। इस दौरान जन समुदाय को प्रेरित किया गया की जनसंख्या की समस्या को अगर मानव कृत संसाधन को अपनाया जाए तो निश्चित ही जनसंख्या को नियंत्रण किया जा सकता है । इस अवसर पर सीएससी बोड़ला के समस्त कर्मचारी और फील्ड के कर्मचारी उपस्थित थे। साथ परिवार नियोजन के कार्यक्रम को हम दो हमारे दो के संदेश के साथ सफल बनाने का प्रयास किया गया।

### नामदेव समाज के चुने गए पदाधिकारी

**कवर्धा।** नामदेव समाज के पदाधिकारियों का चुनाव गत दिनो सम्पन्न करसया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अभिताभ नामदेव जिलाध्यक्ष चुनकर सम्मानित किया है। इसी प्रकार समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में संरक्षक शिव कुमार नामदेव, अशोक नामदेव, पुरन लाल नामदेव, चंद्र कुमार नामदेव, जिलाध्यक्ष अभिताभ नामदेव, उपाध्यक्ष चंद्र कुमार नामदेव, जिला सचिव कैलाश नामदेव, जिला कोषाध्यक्ष विजय नामदेव, जिला मीडिया प्रभारी बसंत नामदेव, सहसचिव हेमंत नामदेव, नगर पंचायत बोड़ला अध्यक्ष राजेश कुमार नामदेव नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष सुनील आनंद नामदेव निर्वाचित हुए। मीडिया प्रभारी बसंत नामदेव ने बताया कि समाज के लोगों में पुनः उत्साह और खुशी का वातावरण है।

# नाबालिग से लूट का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

## आरोपी से मोटर साइकिल व चांदी के लच्छा बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

थाना कुण्डा पुलिस ने नाबालिग लड़के को डरा, धमकाकर चांदी का लच्छा लूटने वाले आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पूरे मामले का खुलासा किया है। इस संबंध में कुण्डा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने थाना कुण्डा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गत 15 अगस्त को उसका नाबालिग पुत्र स्कूल जा रहा था। उसी दौरान आरोपी दिवेन्द्र उर्फ देवेन्द्र साहू, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम सेन्हाभाठा, ने उसे रास्ते में रोककर पैसों की मांग की। पैसे न देने पर आरोपी नाबालिग को अपने घर ले गया, वहां हथियार जैसा दिखाकर भय उत्पन्न किया तथा पीड़ित को डरा, धमकाकर उसकी माता के कमरे में रखे चांदी के लच्छा को निकलवाकर अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद आरोपी नाबालिग को अपने मोटर साइकिल में बैठाकर ग्राम पोड़ी ले गया, जहां चांदी का लच्छा बेचने की कोशिश की, किंतु असफल होने पर वापस गांव लेकर आ गया और चांदी का आभूषण अपने पास ही रखा रहा। बाद में नाबालिग द्वारा घटना की जानकारी अपनी मां को दी गई, जिसके आधार पर थाना कुण्डा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान 7 दिसम्बर 2025 को आरोपी दिवेन्द्र उर्फ देवेन्द्र साहू के कब्जे से लूटा गया चांदी का लच्छा तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 09 जेपी 6977 को जप्त किया गया। आरोपी द्वारा धारा 308(2), 309(2), 137(2) बीएनएस के अपराध घटित करना पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी कुण्डा निरीक्षक विमल लवानिया के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं आरक्षकों की टीम ने सराहनीय भूमिका निभाई है।

### जिला स्तरीय युवा उत्सव में सेजेस पंडरिया के विद्यार्थी अव्वल

**कवर्धा।** युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और सांस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव में इस वर्ष भी विभिन्न विधाओं में युवाओं ने अपना शानदार कौशल प्रदर्शन किया। जिलेभर के प्रतिभागियों के बीच हुई इस प्रतिस्पर्धा में पीएम श्री सेजेस पंडरिया के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर सभी का ध्यान आकर्षित किया और विद्यालय व विकासखंड पंडरिया का नाम गौरवान्वित किया। शारदा संगीत महाविद्यालय कवर्धा में आयोजित इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता से पहले ब्लॉक स्तरीय आयोजन 1 से 4 दिसंबर तक चारों विकासखंडों में संपन्न हुए थे। 15 से 29 आयु वर्ग के युवक-युवतियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में लोकगीत, लोकनृत्य, कहानी एवं कविता लेखन, चित्रकला, वाद-विवाद, एकांकी और नवाचार जैसी विधाएं शामिल थीं। विकासखंड पंडरिया स्तर पर पीएम सेजेस पंडरिया के विद्यार्थियों ने व्याख्याता जीआर साहू के मार्गदर्शन में लोकनृत्य, वाद-विवाद, चित्रकला और कहानी लेखन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिला स्तर के लिए चयन सुनिश्चित किया। जिला स्तर पर भी विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से चारों विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि में सुश्री सौम्या शैली, मीना तिर्की और संगीत शिक्षिका दीपिका चंद्रा का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के प्राचार्य विकास शुक्ला, व्याख्याता एसआर चंद्रवंशी और सीवी जैन ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# एनएसयुआई ने फूंका गृह मंत्री व कॉलेज प्रशासन का पुतला, सात सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




शासकीय पीजी कॉलेज में एनएसयुआई के कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर की अव्यवस्थाओं और छात्रों की सुरक्षा को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि कॉलेज परिसर में बाहरी व्यक्तियों की लगातार आवाजाही, शौचालयों की खराब स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था की कमी के कारण छात्र-छात्राएं असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। एनएसयूआई शहर अध्यक्ष मेहुल सत्यवंशी ने इस संबंध में बताया कि कॉलेज प्रशासन को कई बार समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी के विरोध में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने परिसर के मुख्य द्वार पर गृह मंत्री विजय शर्मा और कॉलेज प्रशासन का पुतला दहन कर रोष प्रकट किया। एनएसयूआई जिला महासचिव अमन वर्मा ने विगत दिनों कॉलेज में हुई घटना का उल्लेख करते हुए बताया की कॉलेज परिसर में कर्मचारी पर प्राण घात हमला किया गया। जिसके बाद भी कॉलेज प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं जिससे साफ जाहिर है कि कवर्धा का शासकीय महाविद्यालय न तो यहां के कर्मचारियों के लिए सुरक्षित है और न ही विद्यार्थियों के लिए। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई ने अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य रूप से महाविद्यालय परिसर बाहरी लोगों की एंट्री पर रोक लगाए जाने, शौचालयों की नियमित सफाई कराए जाने, कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने, मुख्य गेट पर गार्ड लगाने, हेल्पलाइन शुरू करने, दोनों तरफ से यातायात व्यवस्था सुधारने तथा छात्र-छात्राओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने जैसी मांगे रखी गई है। ज्ञापन के साथ एनएसयुआई ने चेतावनी दी है कि यदि कॉलेज प्रशासन द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान बढ़ी संख्या में एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**कवर्धा।** जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार ने गत 7 दिसम्बर 2025 को स्थानीय भारत माता चौक कवर्धा में भारत की आजादी में शामिल सेनानियों को याद करते हुए दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त जानकारी देते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के डॉ. नरेश कुमार यदु ने बताया कि हमारे राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र रघुवंशी कनखल हरिद्वार के निर्देशन में और छत्तीसगढ़ राज्य के अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल रायपुर के मार्गदर्शन में गत रविवार 7 दिसंबर को भारत माता चौक कवर्धा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होने बताया कि आजादी की लड़ाई में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम सेनानी शहीद वीरनारायण सिंह बिंझवार सोनाखान के जमींदार थे। जिन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह पर अंग्रेजों ने 10 दिसंबर 1857 को जयस्तंभ चौक रायपुर में सरे आम फांसी दी थी। सर्वप्रथम भारत माता का पूजा पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। सभी सेनानी परिवार द्वारा डॉ. नरेश कुमार यदु, एसएस जैन और महेश महोबिया द्वारा वंदे मातरम गीत गाया गया।

### कवर्धा जिले में 31 दिसंबर तक चलेगा सघन कुष्ठ खोज अभियान



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 08 से 31 दिसंबर 2025 तक सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य समुदाय में कुष्ठ संक्रमण को प्रारंभिक अवस्था में पहचानकर समय पर उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि रोग के प्रसार को रोका जा सके और कुष्ठजन्य विकलांगता से बचाव सुनिश्चित किया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे तथा डीपीएम अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में सभी विकासखण्डों, ग्रामों, मोहल्लों और शहरी वार्डों में स्वास्थ्य टीम घर-घर पहुंचकर जांच और जागरूकता गतिविधियाँ संचालित करेगी। आरबीएसके टीमों की भूमिका मजबूत करते हुए वीडियोकॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक आयोजित की गई, जिसमें हाई-एंडेमिक क्षेत्रों की सूची विकासखण्डवार आरके मेरावी को उपलब्ध कराई गई। जिला कुष्ठ अधिकारी ने स्कूलों में लक्षणयुक्त विद्यार्थियों की पहचान कर आवश्यक जांच कराने के निर्देश दिए। इसी अवधि में 21 से 23 दिसंबर तक पल्स पोलियो अभियान भी आयोजित किया जाना है, जिसके लिए ब्लॉक एवं जिला स्तर पर टीमों को प्रशिक्षित कर दिया गया है। संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए हैं। यह संयुक्त प्रयास कबीरधाम में कुष्ठ उन्मूलन को नई गति देगा और समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराएगा।

### गेट पास एप में केन्द्रों में धान लाने वाले वाहन की फोटो अनिवार्य, रकबा समर्पण पर जोर

# अवैध धान भंडारण के विरुद्ध जारी रहे कार्रवाई: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले में चल रही धान खरीदी के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी उपार्जन केन्द्रों के नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने नोडल अधिकारियों से कहा कि किसानों के छूटे हुए खसरों की लिंकिंग एग्रीस्टेक में किया जा रहा है। यह काम जल्द पूरा किया जाना है। सभी संबंधित विभागों को इसके लिए निर्देश जारी किए जा चुके हैं। समिति स्तर पर किसानों को हेल्प डेस्क के माध्यम से खसरा लिंकिंग कराने की मॉनिटरिंग नोडल ऑफिसर करें। उन्होंने बताया कि इसके लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है किन्तु हमारा प्रयास हो कि जितनी जल्दी हो सके इन छूटे हुए खसरों की लिंकिंग कराएं, ताकि किसान आसानी से धान बेच सकें। उन्होंने समितियों में धाम बेचने आने वाले किसानों के वाहन की फोटो खींचकर गेट पास ऐप में अपलोड किए जाने के निर्देश का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कटने वाले टोकन पर बिक्री के लिए आने वाले किसान जिस वाहन में धान लेकर आते हैं उसकी पर्ची बनाने के बाद तत्काल फोटो खींचकर अपलोड कराया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यह पारदर्शी खरीदी व्यवस्था का एक प्रमुख चरण है। अतः आवश्यक है कि हर केंद्र से प्रतिदिन आने वाले वाहनों की फोटो ऑनलाइन प्रविष्ट की जाए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर आरबी देवांगन, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रुचि शार्दूल, खाद्य अधिकारी सचिन मरकाम, डीएमओ अभिषेक मिश्रा, सहायक खाद्य अधिकारी मदन मोहन साहू एवं अनिल वर्मा सहित विभागीय अधिकारी और समितियों के नोडल ऑफिसर्स उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि धान खरीदी में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए ऐसे किसान जिन्होंने धान की फसल नहीं ली है, उनके शत प्रतिशत रकबा समर्पण कराया जाए। इसके साथ ही ऐसे कृषक जो एक बार मे अपना पूरा धान बेच चुके हैं और कोई रकबा शेष बचता हो तो उसे भी समर्पित कराएं। इसके लिए समिति स्तर पर प्रयास किए जाएं। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी नोडल ऑफिसर्स से कहा कि कोचियों अथवा व्यापारिक प्रतिष्ठानो में अवैध रूप से धान को खपाने के लिए जमा कर के रखे जाने की कोई सूचना मिलती है तो उस पर तत्काल सख्त कार्रवाई करें।

# हाई स्कूल छिरहा में कंप्यूटर टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



शासकीय हाई स्कूल छिरहा में विद्यार्थियों के बीच कंप्यूटर टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में डिजिटल और तकनीकी कौशल को बढ़ावा देना था। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि यह प्रतियोगिता वर्तमान डिजिटल युग की मांगों को देखते हुए विद्यार्थियों को कंप्यूटर ज्ञान में मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन वेदश्व एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी रायपुर एवं आईजीएम इंस्टिट्यूट कवर्धा के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कंप्यूटर दक्षता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुस्कान टण्डन ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि माहेश्वरी पटेल ने द्वितीय और जिज्ञासा बंजारे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह आयोजन स्कूल में तकनीकी शिक्षा के महत्व को रेखांकित करता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने सभी विजेता छात्रों को बधाई दी और उन्हें भविष्य में तकनीकी क्षेत्र में आगे बढने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।